

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 290

ग्वालियर, शनिवार 09 जुलाई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


# जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे का अस्पताल में निधन

### ■ शुक्रवार सुबह मारी गईं थी 2 गोलियां

**इंटरनेशनल डेस्क।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे का, एक चुनावी कार्यक्रम के दौरान शुक्रवार को गोली मारे जाने के बाद निधन हो गया। आबे (67) को पश्चिमी जापान के नारा में शुक्रवार को भाषण शुरू करने के कुछ मिनटों बाद ही गोली मार दी गई थी। उन्हें विमान से एक अस्पताल ले जाया गया लेकिन उनकी सांस नहीं चल रही थीं और उनके दिल की धड़कन भी रुक गई थी। अस्पताल में बाद में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। आबे 2020 में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण इस्तीफा देने से पहले, देश के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे। दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों में से एक माने जाने वाले जापान में इस घटना ने लोगों को स्तब्ध कर दिया है।

आबे को दो गोलियां लगी थीं। जिस समय उन्हें अस्पताल ले जाया गया उस समय उनके



शरीर में कोई हरकत नहीं देखी गई। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की लेकिन नाकाम रहें। हमले से स्तब्ध जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा ,'' शिंजो को बचाने की पूरी कोशिश जारी है। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। इस वक्त मैं प्रार्थना कर रहा हूं कि उनकी जान बच जाए। डॉक्टर अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे हैं। यह जापान के लोकतंत्र पर हमला है। हमले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### हमलावर गिरफ्तार

पुलिस ने कहा कि हमलावर तेत्सुया यामागामी (41) स्वीकार किया कि उसने आबे को मारने की कोशिश की क्योंकि वह उससे 'असंतुष्ट था। पुलिस ने कहा कि संदिग्ध पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या करने के इरादे से ही आया था। आबे पर हमला उस समय हुआ जब वह लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के चुनाव अभियान के दौरान नारा शहर में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि उन्हें स्थानीय समयानुसार साढ़े ग्यारह बजे दो गोलियां लगीं। आबे ने रविवार को होने वाले उच्च सदन चुनाव के लिए एक उम्मीदवार का समर्थन करते हुए शहर में चुनाव प्रचार के दौरान भाषण दे रहे थे। इस दौरान पीछे से गोलियां चली और माइक पर बोलते-बोलते पूर्व प्रधानमंत्री अचानक गिर पड़े और खून से लथपथ हो गए।

### पत्रकार बनाकर पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की चुनावी सभा में पहुंचा था आरोपी

**टोक्यो।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। शुक्रवार की सुबह चुनावी प्रचार के दौरान भाषण देते समय आबे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर पत्रकार की वेषभूषा में मोडिफाइड शॉटगन के साथ उनके भाषण वाली जगह पर पहुंचा था। हमलावर ने पीछे से आकर शिंजो आबे को दो बार गोली मारी। बताया जाता है कि घटनास्थल पर ही शिंजो आबे की मौत हो चुकी थी, इसके बावजूद डॉक्टरों ने करीब साढ़े चार घंटे तक उन्हें बचाने की हर संभव कोशिश की। इस बीच सवाल उठ रहा है कि शिंजो आबे के नारा शहर दौरे की जानकारी देर रात ही आई थी। इसके बाद हमलावर तक यह सूचना कैसे पहुंची और उसने चंद घंटे की तैयारी में एक मोडिफाइड शॉटगन के जरिए दिन में 11.30 मिनट पर हमले को अंजाम कैसे दे दिया।

### जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे का निधन, पीएम मोदी ने जताया शोक

**टोक्यो।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे पर शुक्रवार सुबह हमला हुआ था। इस दौरान हमलावर ने उन्हें गोली मारी थी। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां पर आबे ने अंतिम सांस ली। दरअसल, आबे संसद के ऊपरी सदन के लिए रविवार को होने वाली



वोटिंग के मद्देनजर एक चुनावी कार्यक्रम को संबोधित करने के लिए नारा गए हुए थे। इसी बीच जब वो भाषण दे रहे थे, तभी गोली चलने की आवाज सुनी गई। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मित्र शिंजो आबे के निधन की खबर से स्तब्ध हैं। उन्होंने ट्वीट किया कि मैं अपने सबसे प्यारे दोस्तों में से शिंजो आबे के निधन पर स्तब्ध और दुखी हूं। पीएम मोदी ने कहा कि शिंजो आबे ने भारत-जापान संबंधों को एक विशेष सामरिक और वैश्विक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने में बहुत बड़ा योगदान दिया। आज पूरा भारत-जापान के साथ शोक में हैं, हम इस मुश्किल घड़ी में अपने जापानी भाइयों और बहनों के साथ खड़े हैं।

### आज देश में एक दिन का रहेगा राष्ट्रीय शोक

वहीं इसके साथ पीएम ने अपने ट्वीट में 9 जुलाई को राष्ट्रीय शोक का ऐलान किया है। जापान के पूर्व पीएम आबे के निधन पर पीएम मोदी ने ट्वीट किया, मिस्टर आबे के साथ मेरा जुड़ाव कई साल पुराना है। मैं गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें जानता था और मेरे पीएम बनने के बाद भी हमारी दोस्ती जारी रही।

## बढ़ती महंगाई के बीच बड़ा दावा अगले 5 साल में पेट्रोल हो जाएगा बैन : नितिन गडकरी

**नई दिल्ली।** देश में ईंधन की बढती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। महंगाई भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है। इसलिए अगर ईंधन के दाम में दो रुपये की भी कमी की जाए तो भी आम आदमी को बड़ी राहत मिल जाती है। इस बीच केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को एक बड़ा बयान दिया है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच उन्होंने कहा है कि अगले पांच साल में देश से पेट्रोल को खत्म कर दिया जाएगा। इसपर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। नितिन गडकरी गुरुवार को अकोला में डॉ. पंजाबराव देशमुख कृषि विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को कृषि



विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भगत सिंह कोश्यारी ने की। गडकरी ने कहा कि अब विदर्भ में बने बायो-एथेनॉल का इस्तेमाल वाहनों में किया जा रहा है। ग्रीन हाइड्रोजन को कुएं के पानी से बनाया जा सकता है और 70 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचा जा सकता है। गडकरी ने कहा कि अगले पांच साल में देश से पेट्रोल खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ गेहूं, चावल, मक्का लगाने से कोई किसान अपनी भविष्य नहीं बदल सकता है। गडकरी ने कहा कि किसानों को ऊर्जा दाता बनने की जरूरत है न कि सिर्फ खाद्य प्रदाता । गडकरी ने कहा कि इथेनॉल पर एक फैसले से देश को 20,000 करोड़ रुपये की बचत हुई है। निकट भविष्य में दोपहिया और चार पहिया वाहन ग्रीन हाइड्रोजन, एथेनॉल और सीएनजी पर आधारित होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि विदर्भ से कपास बांग्लादेश को निर्यात करने की योजना है, जिसके लिए विश्वविद्यालयों के सहयोग की आवश्यकता है। विदर्भ में किसानों की आत्महत्या को रोकने के लिए विश्वविद्यालय बहुत कुछ कर सकता है।

## नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा के खिलाफ नाराजगी, जीत कांग्रेस की ही होगी : दिग्विजय सिंह

**भोपाल)।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर शासन और प्रशासन के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। उन्होंने बड़ा आरोप लगाकर कहा कि नगरीय निकाय चुनाव के मतदान से एक रात पहले कांग्रेस उम्मीदवारों को पुलिस उठाकर ले गई, झूठे मुकदमे दर्ज हुए और शराब पैसा भी बांटा गया। इसके बाद भी नगरीय चुनाव में हवा कांग्रेस के पक्ष में चल रही है, जीत भी कांग्रेस की होगी। सिंह ने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने शराब की गाड़ी को पकड़ा मगर फिर भी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के वार्ड-76 के प्रत्याशी की गाड़ी पकड़ी और शराब रखकर केस दर्ज कर दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने आरोप लगाया कि इसी तरह से एक मंत्री मतदान केंद्र में गए और कांग्रेस एजेंट से मतदाता सूची और पर्चियां लेकर भागा दिया। करीब चार मतदान केंद्रों पर ऐसा ही किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस के टीआई तीन दिन पहले थाने में तैनात होते हैं और षड्यंत्र के तहत कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ केस दर्ज कर देते हैं।



सिंह ने बताया कि इंदौर में विधायक के बेटे ने पोलिंग एजेंट को मतदान केंद्र से पीट कर भगाया। यह बीजेपी के लोकतंत्र का तरीका है। उन्होंने आरोप लगाया कि वोटर लिस्ट से भी मतदाताओं के 200 से 300 नाम काट दिए गए। सिंह ने कहा कि एक परिवार के लोगों के बूथ ही अलग-अलग कर दिए गए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने शासन और प्रशासन का दुरुपयोग किया है। असल में वे मुख्यमंत्री हैं, मगर शासन चला रहे हैं अधिकारी। सीएम को रोज का कार्यक्रम देकर भाषण पढ़ने को दे दिया जाता है। स्थिति यह हो गई है कि सरकारी कर्मचारी ही राजनीतिक कार्यकर्ता बन गए हैं।

## खास खबर

### लालू यादव से मिलने एम्स पहुंचे राहुल गांधी, डॉक्टरों से ली स्वास्थ्य को लेकर जानकारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वायनाड से सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेदिक विज्ञान संस्थान पहुंचे। राहुल गांधी ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू यादव से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली है। सूत्रों ने बताया है कि राहुल गांधी दोपहर के करीब अस्पताल पहुंचे थे। राहुल गांधी ने मौजूद डॉक्टरों से भी लालू यादव के स्वास्थ्य को लेकर जानकारी हासिल की। बता दें कि लालू यादव को बुधवार शाम पटना से दिल्ली एयर एंबुलेंस के जरिए लाया गया था। उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था। इसके पहले कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी लालू यादव के छोटे बेटे तेजस्वी यादव को फोन कर उनका हालचाल जाना था। सूत्र ने बताया कि लालू की तबीयत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है, कुछ दिन में उन्हें वार्ड में भेजे जाने की संभावना है। लालू यादव की बेटी मीसा भारती ने बताया है कि वह पहले से बहतर हैं, अब बिस्तर से उठकर बैठ सकते हैं।सहारा देने पर खड़े भी हो सकते हैं।

### एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक आतंकवादी ढेर, जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर शुक्रवार तड़के सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। सुरक्षा बलों की कार्रवाई में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि एक जवान शहीद हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर जिले के करनाह सेक्टर के गुरान नाला अमरोही में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मौके से एक एके राइफल, तीन एके मैगजीन, 200 एके कारतूस, तीन पिस्तौल, चार पिस्तौल की मैगजीन और चार हथगोले बरामद किए गए।

### आईटीबीपी अधिकारी ने सर्विस हथियार से खुद को मारी गोली

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के ड्यूटी पर तैनात अफसर ने अपने सर्विस हथियार से शुक्रवार को खुद को गोली मार ली। अधिकारियों ने बताया कि भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में सहायक उप निरीक्षक के पद पर तैनात प्रेमचंद ने पुंछ शहर में मिनी सचिवालय में खुद को गोली मार ली। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्कूल परिसर में स्थित 250 साल पुराना पेड़ गिरा, चपेट में आने से बच्चे की मौत, एक दर्जन से अधिक घायल

**चंडीगढ।** चंडीगढ़ के सेक्टर-9 में स्थित कार्मल कॉन्वेंट स्कूल परिसर में स्थित एक पेड़ गिरने की वजह से 1 बच्चे की मृत्यु हो गई है, जबकि 13 बच्चे घायल हो गए हैं। बच्चे लंच टाइम में पेड़ के पास खेल रहे थे उसी समय यह पेड़ अचानक गिर गया। घायल बच्चों को जीएमएसएच अस्पताल में भर्ती कराया है। जिस समय पेड़ गिरा, उस समय कई बच्चे वहां खेल रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही अभिभावक स्कूल पहुंच गए और स्कूल गेट पर हंगामा शुरू कर दिया।

## देश में कोरोना ने फिर बढ़ाई रफ्तार, आंकड़ा 18 हजार के पार, 24 घंटे में 38 लोगों ने दम तोड़ा

**नई दिल्ली।** कोरोना के जानवेवा वायरस का संक्रमण एक बार फिर भारत में तेज हो गया है। देश में 18,815 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,35,85,554 हो गई जबकि उपचाराधीन रोगियों की तादाद 1,22,335 तक पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शुक्रवार को अद्यतन किए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली। सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार 38 और संक्रमितों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 5,25,343 तक पहुंच गई है। मंत्रालय ने कहा कि उपचाराधीन रोगियों की संख्या कुल मामलों की 0.28 प्रतिशत है जबकि कोविड-19 से उबरने की राष्ट्रीय दर 98.51 फीसद है।

पिछले 24 घंटे की अवधि के दौरान उपचाराधीन रोगियों की संख्या में 2,878 मामलों की वृद्धि हुई है। मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में 4,38,005 नमूनों की जांच की गई। दैनिक संक्रमण दर 4.96 प्रतिशत जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.09 फीसदी दर्ज की गई। बीमारी से स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़कर 4,29,37,876 हो गई, जबकि मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है।



मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक देश में कोविड-19 रोधी टीके की 198.51 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे। संक्रमण से जिन 38 लोगों की मृत्यु हुई है उनमें केरल के 16, महाराष्ट्र के आठ, पंजाब, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के दो-दो और असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा, मेघालय, राजस्थान और तमिलनाडु के एक-एक व्यक्ति शामिल हैं। देश में संक्रमण से अब तक कुल 5,25,343 लोगों की मौत हो चुकी है।

## मोहम्मद जुबैर को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत, यूपी पुलिस को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** एक न्यूज वेबसाइट के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर को सुप्रीम कोर्ट से शुक्रवार को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने मोहम्मद जुबैर की याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें अंतरिम जमानत दे दी है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका



पर उत्तर प्रदेश पुलिस को नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि सीतापुर जेल मामले में मोहम्मद जुबैर को जमानत मिली है। हालांकि वह जेल से बाहर नहीं निकल पाएंगे, क्योंकि मोहम्मद जुबैर दिल्ली पुलिस की न्यायिक हिरासत में रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने मोहम्मद जुबैर को उनके खिलाफ सीतापुर, उत्तर प्रदेश में दर्ज़ मामले में अंतरिम ज़मानत दे दी है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली जुबैर की याचिका पर यूपी पुलिस को नोटिस भी जारी किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने जुबैर को 5 दिनों के लिए अंतरिम ज़मानत इस शर्त पर दी है कि वह मामले से संबंधित मुद्दे पर कोई नया ट्वीट पोस्ट नहीं करेंगे और सीतापुर मजिस्ट्रेट की अदालत के अधिकार क्षेत्र को नहीं छोड़ेंगे। आपको बता दें कि वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोन्साल्विस ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि उनके मुवक्किल मोहम्मद जुबैर को जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

## शुगर, हार्ट और किडनी संबंधी रोगों की दवाएं हो सकती है सस्ती, सरकार फिक्स करने जा रही मार्जिन

**नई दिल्ली।** गंभीर बीमारियों में शुमार शुगर, हार्ट और किडनी संबंधी दवाइयों के सस्ते होने की उम्मीद है। केंद्र सरकार ने इन दवाओं की कीमतों में कटौती करने के लिए ट्रेड मार्जिन को फिक्स करने की तैयारी कर ली है। ट्रेड मार्जिन दरअसल, मेन्यूफेक्चर्र की ओर से जारी होने वाली थोक बिक्री मूल्य और उपभोक्ता को मिलने वाले अधिकतम खुदरा मूल्य के बीच का अंतर होता है। ड्रग प्राइस वॉचडॉग नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (एनपीपीए) पिछले कई महीनों से इस योजना पर काम कर रहा है।

ट्रेड मार्जिन को चरणबद्ध तरीके से तर्कसंगत बनाया जाएगा तथा इस पूरी प्रक्रिया को लागू करने के लिए दवा इंडस्ट्री को समय दिया जाएगा, ताकि दवा उद्योग आवश्यक बदलाव कर सके। सूत्र ने बताया कि सरकार पहले ही एंटी-कैंसर कैटेगरी की दवाओं का मार्जिन घटा चुकी है। इसी तरह इस बार एंटी-डायबिटिक और किडनी की बीमारियों से संबंधित दवाओं का मार्जिन घटाया जाएगा। गौरतलब है कि 2018-19 में एनपीपीए ने नॉन शेड्यूल्ड एंटी कैंसर की 42 दवाओं पर ट्रेड मार्जिन घटा दिया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने लोकसभा में बताया था कि सरकार के इस कदम से इन दवाओं के 526 ब्रांड की एमआरपी 90 फीसदी तक कम हो गई। एपीपीए द्वारा की गई स्टडी से पता चला था




कि एक गोली की कीमत के साथ ही ट्रेड मार्जिन बढ़ जाता है। अगर ज्यादातर ब्रांड की एक टेबलेट की कीमत 2 रुपये है तो, इस पर मार्जिन 50 फीसदी रहता है। वहीं अगर इसकी कीमत 15 से 25 रुपये है तो मार्जिन 40 फीसदी से कम ही रहता है। 50 से 100 रुपये कीमत वाली टेबलेट कैटेगरी की कम से कम 2.97 फीसदी मेडिसिन में ट्रेड मार्जिन 50 से 100 फीसदी, 1.25 फीसदी इन मेडिसिन में ट्रेड मार्जिन 100 से 200 फीसदी के बीच और 2.41 ऐसी दवाओं का ट्रेड मार्जिन 200 फीसदी से लेकर 500 फीसदी तक है। एनपीपी के अनुसार अगर किसी टेबलेट की कीमत 100 रुपये से ऊपर है तो उसे महंगी श्रेणी में रखा जाता है। ऐसी टेबलेट में से 8 फीसदी टेबलेट पर मार्जिन 200 से 500 फीसदी, 2.7 फीसदी दवाओं पर 500 से 1,000 फीसदी और 1.48 प्रतिशत टेबलेट्स पर ट्रेड मार्जिन 1,000 फीसदी से ऊपर है।

## कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या पर दुख जताया

**नई दिल्ली।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की शुक्रवार को चुनावी कार्यक्रम के दौरान एक हमलावर ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद हर तरफ शोक का माहैल है। शिंजो आबे के





निधन पर भारत में एक दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। इस बीच कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या पर दुख जताया है। उन्होंनें कहा कि कई वर्षों तक आबे भारत के एक महान मित्र और शुभचिंतक रहे। उन्होंने हमारे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार और गहरा करने के लिए बहुत कुछ किया। सोनिया गांधी ने कहा कि मुझे उनके साथ अपनी मुलाकात बहुत ही प्यार और स्पष्ट रूप से याद है। यह एक बहुत बड़ा दुर्भाग्य है जो जापान और वास्तव में पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर पड़ा है। इससे पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट कर लिखा कि जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के निधन से गहरा दुख हुआ। उन्होंने लिखा कि भारत और जापान के बीच सामरिक संबंधों को मजबूत करने में उनकी भूमिका सराहनीय थी। वह हिंद-प्रशांत में एक स्थायी विरासत छोड़ गए हैं। उनके परिवार और जापान के लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं। वहीं, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने लिखा कि जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे की हत्या चौंकाने वाली और दुखद है। हिंसा कायरों की भाषा है, यह कभी भी अच्छे पर हावी नहीं हो सकती। श्री आबे एक असाधारण इंसान थे, उनका तरीका शांति और दया का था। यह दुनिया उसे उस असाधारण जीवन के लिए याद रखेगी जो उन्होंने जिया था।

**न्यूज़ ट्रैक....**

## श्रीलंकाई टीम के तीन और खिलाड़ी कोरोना संक्रमित हुए

**गाले** । ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले ही श्रीलंकाई टीम को करारा झटका लगा है। टीम के तीन और खिलाडी कोरोना संक्रमित हुए हैं। श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड के अनुसार कोरोना संक्रमित होने के कारण ऑलराउंडर धनंजय डी सिल्वा, तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो और स्पिनर जेफरी वेंडरसे को दूसरे टेस्ट मैच से बाहर कर दिया गया है। तीनों ही खिलाड़ियों में कोरोना संक्रमण के लक्षण पाए गए हैं। पहले टेस्ट मैच में ये तीनों ही खिला?ी टीम में शामिल थे। श्रीलंकाई टीम को पहले ही स्पिनर प्रवीण जयविक्रमा के बिना खेलना पड़ रहा है। प्रवीण की इस सप्ताह में रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। इसके साथ ही मेजबान टीम में कोरोना संक्रमित खिला?ियों की तादाद बढ़कर पांच पहुंच गई है हालांकि टीम में अन्य सभी टीम खिला?ियों की रिपोर्ट नेगेटिव रही है। मेजबान टीम ने स्पिनर लक्षण संदाकन को टीम में शामिल किया है। श्रीलंकाई टीम इस सीरीज में 1-0 से पीछे है।

## आईपीएल नीलामी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज



**बेंगलुरु** । कर्नाटक उच्च न्यायालय ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों की नीलामी को चुनौती देने वाली एक याचिका खारिज कर दी है। इस जनहित याचिका में खिलाड़ियों की नीलामी को अमानवीय है और मानवाधिकारों का उल्लंघन बताया गया है। याचिका में कहा गया है कि खिलाड़ी न तो रोबोट हैं और न ही सामान और इस प्रकार सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खिलाड़ियों का चयन मानव जीवन और सम्मान को प्रभावित करता है। इसलिए आगामी आईपीएल नीलामी पर रोक लगायी जाये। इसपर न्यायालय की खंडपीठ ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि आईपीएल का सत्र समाप्त हो गया है। साथ ही कहा कि इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी ऐसी ही एक अन्य याचिका को खारिज किया था, ऐसे में यह जनहित याचिका सुनवाई के योग्य नहीं है।

## सिमोन एशिया पैसीफिक कप में खेलेंगी चार भारतीय महिला गोल्फर

**नई दिल्ली** । भारत की चार महिला गोल्फर 750,000 अमेरिकी डॉलर ईनामी राशि वाले पहले सिमोन एशिया पैसीफिक कप में भाग लेंगी। इंडोनेशिया के जकार्ता में 15 से 20 अगस्त तक होने वाले इस टूर्नामेंट के पहले सत्र के लिए दो-दो खिलाड़ियों की दो भारतीय टीम को आमंत्रण मिला है। इस टूर्नामेंट का आयोजन एशियाई गोल्फ लीडर्स फोरम के तहत ही होगा। इसमें कुल इनामी राशि में से पांच लाख की इनामी राशि व्यक्तिगत स्पर्धा के लिए दी जाएगी जबकि ढाई लाख डॉलर की इनामी राशि टीम स्पर्धा के लिए रहेगी। यह तीन दिवसीय 54 होल की स्ट्रोक प्ले स्पर्धा रहेगी। इसमें भारत को पहले एक ही टीम आवंटित की गई थी। जिसमें अदिति अशोक और त्वेसा मलिक को ही आमंत्रित किया गया था। भारतीय महिला गोल्फ संघ के अनुसार बदलाव के तहत इन दोनों की जगह इस बार दीक्षा डागर और गौरिका बिश्नोई को शामिल किया गया है। वहीं दूसरी टीम में अमनदीप द्राल और वाणी कपूर रहेंगी।

# महिला विश्व कप हॉकी : न्यूजीलैंड ने भारतीय टीम को हराया



एम्सटेलवीन । भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच महिला विश्व कप पूल-बी के अपने अंतिम मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-4 से हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम इस हार के बाद भी अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहते हुए क्रॉसओवर में पहुंच गयी है। वहीं न्यूजीलैंड की टीम 7 अंकों के साथ ही पूल बी में नंबर एक स्थान पर रही है। इंग्लैंड की टीम 4 अंक के साथ पूल में दूसरे स्थान पर है। अब तक भारत और चीन दोनों के ही 2-2 अंक रहे हैं पर बेहतर गोल अंतर के कारण भारतीय टीम ने क्रॉसओवर के लिए क्वालिफाई किया है। इस रोमांचक मुकाबले में भारत की ओर से वंदना कटारिया ने चौथे मिनट, लालरेमसियामी ने 44वें मिनट और गुरजीत कौर ने 59वें मिनट में गोल दागे जबकि न्यूजीलैंड की ओर से ओलीविया मैरी ने 12वें , 54वें मिनट जबकि टेसा योप ने 29वें मिनट और फ्रांसिस डेविस ने 32वें मिनट में एक-एक गोल किया।

टूर्नामेंट के प्रारूप के अनुसार 4 पूल में शीर्ष पर रहने वाली टीमें सीधे ही क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। वहीं दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें क्रॉसओवर में आमने-सामने होंगी। इसके बाद क्रॉसओवर मुकाबलों की विजेता टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबलों में अवसर खोने के कारण जीत नहीं मिल पायी। इस मैच में भारतीय टीम को 15 पेनल्टी कॉर्नर मिले जिसमे से वह एक को ही गोल में बदल पायीं। भारतीय टीम अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए रविवार को स्पेन में होने वाले क्रॉसओवर में पूल सी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगी। वहीं पूल-ए की बात करें तो नीदरलैंड को अब तक किसी भी मैच में हार का सामना नहीं करना पड़ा है और उसने अपने सभी तीनों मैच जीते हैं।पूल-बी की बात करें तो न्यूजीलैंड ने 3 में से 2 मुकाबले जीते जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। टीम 7 अंक के साथ अपने ग्रुप में शीर्ष पर रही। पूल-सी से अर्जेंटीना और पूल-डी से ऑस्ट्रेलिया की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गयी है।

## हार्दिक के ऑलराउंड प्रदर्शन से रोहित सहित भारतीय टीम प्रबंधन उत्साहित



**लंदन** । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ पहले ही टी20 मैच में मिली जीत पर खुशी जतायी है। इस मैच में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने शानदार अर्धशतक लगाने के साथ ही चार विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह पहले भारतीय क्रिकेटर बने हैं। कप्तान रोहित भी इससे बेहद खुश हैं। . रोहित ने हार्दिक की प्रशंसा करते हुए कहा, आईपीएल से लेकर अब तक उन्होंने जिस तरह से अपने को तैयार किया है, वह शानदार है। मैं जिस चीज से प्रभावित था, वह थी उनकी गेंदबाजी। हार्दिक हमेशा से ही गेंदबाजी के जरिये टीम के लिए योगदान करना चाहते थे। उन्होंने पहले टी20 में तेज गेंदबाजी करने के साथ अपनी गेंदों में विविधता भी बनाये रखी।

हार्दिक पहले टी20 में 9वें ओवर में बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। हार्दिक ने तब सूर्यकुमार यादव के साथ 18 गेंद में 37 रन की साझेदारी बनायी। सूर्यकुमार के पेवेलियन लौटने के बाद हार्दिक ने अक्षर पटेल के साथ पांचवें विकेट के लिए 30 गेंद में 45 रन बनाये। इस दौरान उन्होंने टी20 करियर का पहला अर्धशतक भी लगाया।हार्दिक 33 गेंद में 51 रन बनाकर आउट हुए।

अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए हार्दिक की अच्छी फिटनेस से भी टीम प्रबंधनन को राहत मिली है। अगर वह इसी प्रकार खेलते रहे तो टी20 विश्वकप में बड़ा अंतर पेशे करेंगे। गत एक साल से पीठ की सर्जरी के कारण उनकी गेंदबाजी में पहले जैसा पैनापन नहीं दिखा जिससे विरोधी बल्लेबाजों को लाभ हुआ। अब जबकि वह फिट हो गये है तो भारतीय टीम के को एक अच्छा

## रोहित लगातार 13 टी20 मैच जीतने वाले विश्व के पहले कप्तान बने

**लदन** । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मेजबान टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले ही मैच में जीत के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। रोहित अब इस प्रारुप में कप्तान के तौरा पर लगातार 13 मैच जीतने वाले विश्व के पहले कप्तान बन गये हैं। कप्तान के तौर पर इससे पहले रोमानिया के रमेश सतीशन और अफगानिस्तान के असगर अफगान ने लगातार 12-12 मैच जीते थे। पहले टी20 में जीत के साथ ही भारतीय टीम अब इस सीरीज में 1-0 से आगे हो गयी है। इससे पहले कोरोना संक्रमण के कारण रोहित एजबेस्टन टेस्ट मैच में नहीं खेल पाये थे। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय टीम द्वारा लागातार 13 मैच जीतने का विश्व रिकॉर्ड हासिल करने के बाद सोशल मीडिया पर भी प्रशंसक काफी उत्साहित नजर आये। उनकी इस उपलब्धि पर सोशल मीडिया पर कई मीम्स भी बने हैं।

गौरतलब है कि रोहित को सबसे छोटे प्रारूप में भारतीय टीम का कप्तान बनने के बाद से अभी तक एक भी बार हार का सामना नहीं करना पड़ा है। इस मैच में भारतीय टीम की जीत में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की अहम भूमिका रही। हार्दिक ने प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का चुना गया। उन्होंने शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर भारतीय टीम को 198 रनों के स्कार तक पहुंचाया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान इंग्लैंड टीम 148 रन ही बना पायी। मैच में रोहित शर्मा ने 14 गेंद पर पांच चौके लगाकर 24 रन बनाए। रोहित कप्तान बनने के बाद से ही नवंबर 2019 से एक भी मैच नहीं हारे हैं। इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, श्रीलंका और इंग्लैंड सहित 5 टीमों को हराया है। उन्होंने भारत में 11 और विदेश में 2 मैच जीते हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों ही प्रारुपों की बात करें तो रोहित ने बतौर कप्तान लगातार 18वां मैच जीता है। . इसमें 13 टी20 के अलावा 3 वनडे और 2 टेस्ट शामिल हैं।



*फ्रांस में टूर डी फ्रांस साइकिल रैली में भाग लेते हुए प्रतियोगी।*

## सचिन से आगे निकल सकते हैं रुट : जाफर

**मुम्बई** । पूर्व भारतीय क्रिकेटर वसीम जाफर के अनुसार इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। जाफर ने कहा है कि ऐसे ही खेलते रहे तो रूट टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर के रनों से आगे निकल सकते हैं। रूट के 121 टेस्ट मैचों में अभी 10,458 रन हैं जबकि सचिन के 15 हजार से करीब रन हैं। रुट ने पांच मैचों की लंबी टेस्ट श्रृंखला में 737 रन बनाये हैं। जाफर के अनुसार रुट अगर अगले 5-6 साल तक खेलें तो वह सचिन का रिकार्ड तोड़ सकते हैं। जाफर ने कहा, वह ऐसा कर सकता है क्योंकि वह अभी केवल 31 वर्ष के हैं। बर्मिंघम टेस्ट में जीत के साथ रूट ने हाशिम अमला और माइकल क्लार्क की बराबरी करते हुए टेस्ट में 28 शतक पूरे की।

**व्यापार न्यूज**

## 12 जुलाई से गेहूं के निर्यात पर अंतर मंत्रालयी समिति की मंजूरी जरूरी

**नई दिल्ली** । सरकार ने मई में गेहूं के निर्यात पर रोक लगाने के बाद अब गेहूं के आटे, मैदा और सूजी के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। इन जिंसों के निर्यातकों को अब 12 जुलाई से गेहूं के निर्यात पर अंतर-मंत्रालयी समिति की मंजूरी की जरूरत होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि गेहूं के आटे की निर्यात नीति मुक्त है लेकिन इसका निर्यात, गेहूं निर्यात मामले पर बनी अंतर-मंत्रालयी समिति की सिफारिश के अधीन होगा। नया अनुमोदन ढांचा गेहूं के आटे, मैदा, सूजी, साबुत आटे इत्यादि पर लागू होगा। अधिसूचना के अनुसार, गेहूं के आटे की गुणवत्ता के संबंध में आवश्यक तौर-तरीके अलग से अधिसूचित किए जाएंगे। इस अधिसूचना के तहत बदलाव की व्यवस्था के संबंध में विदेश व्यापार नीति के प्रावधान लागू नहीं होंगे। वर्ष 2021-22 में भारत ने 24 करोड़ 65.7 लाख डॉलर के गेहूं के आटे का निर्यात किया था। मई में भारत ने भीषण गर्मी से गेहूं उत्पादन प्रभावित होने की चिंताओं के बीच कीमतों में तेजी पर अंकुश के लिए गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## सोना महंगा और चांदी सस्ती

**नई दिल्ली** । भारतीय वायदा बाजार में शुक्रवार को सोने-चांदी की कीमतों में बदलाव हुआ। शुरुआती कारोबार में सोने की कीमत बढ़ गई, तो वहीं चांदी की कीमत में गिरावट आई है। मल्टीकमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शुक्रवार सुबह 24 कैरेट सोने का वायदा भाव 100 रुपए बढ़कर 50,600 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। इससे पहले सोने में ट्रेडिंग की शुरुआत 50,661 रुपए के भाव पर खुलकर हुई थी लेकिन मांग घटने से जल्द ही इसमें कुछ गिरावट आ गई। हालांकि, सोना अब भी अपने पिछले बंद भाव से 0.20 फीसदी की बढ़त पर कारोबार कर रहा है। वहीं एमसीएक्स पर चांदी का वायदा भाव 112 रुपए गिरकर 56,827 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गया। इससे पहले चांदी में ट्रेडिंग की शुरुआत सुबह 56,851 रुपए के भाव पर हुई लेकिन कुछ समय बाद ही करीब 24 रुपए नीचे आ गया। चांदी अपने पिछले बंद भाव से करीब 0.20 फीसदी नीचे गिरकर कारोबार कर रही है। वैश्विक बाजार आज भारतीय बाजार से विपरीत कारोबार कर रहा है। यहां सोने में गिरावट है तो चांदी के भाव चढ़ गए हैं। अमेरिकी बाजार में सोने का हाजिर भाव 1,741.26 डॉलर प्रति औंस रहा जो पिछले बंद भाव से 1.34 फीसदी कम है। वहीं चांदी का हाजिर भाव 19.18 डॉलर प्रति औंस पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 0.01 फीसदी ज्यादा है। वैश्विक बाजार में लगातार सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव आ रहा है।

## जून में जगुआर लैंड रोवर की बिक्री घटी

**नई दिल्ली** । टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) की खुदरा बिक्री जून में समाप्त तिमाही में 37 प्रतिशत घटकर 78,825 इकाई रह गई। कंपनी ने कहा कि सेमीकंडक्टर की कमी, चीन में कोविड-19 की वजह से लगाए गए लॉकडाउन और रेंज रोवर स्पोर्ट के नए मॉडल में बदलाव की वजह से खुदरा बिक्री में गिरावट आई है। अप्रैल-जून तिमाही में जगुआर ब्रांड की बिक्री 48 प्रतिशत घटकर 15,207 इकाई रह गई। वहीं लैंड रोवर की बिक्री 33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 63,618 इकाई पर आ गई।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे टूटा

**मुंबई** । अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के चलते शुक्रवार को रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 12 पैसे टूटकर 79.25 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 79.20 पर खुला और फिर गिरावट के साथ 79.25 पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 12 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 79.13 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 फीसदी की गिरावट के साथ 107.07 पर था।

## शेयर बाजारों की मजबूत शुरुआत

# सेंसेक्स 448 अंक चढ़ा, निफ्टी 16,200 के पार

**मुंबई** । वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के रूख के चलते शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 448.68 अंक चढ़ गया। निफ्टी भी बढ़त के साथ खुला। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सूचकांक 448.68 अंक बढ़कर 54,627.14 पर पहुंच गया। दूसरी ओर एनएसई निफ्टी 142.6 अंक चढ़कर 16,275.50 पर था। सेंसेक्स में लार्सन एंड टुब्रो, एमएंडएम, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और कोटक महिंद्रा बैंक बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस और टाइटन में गिरावट हुई। अन्य एशियाई बाजारों में तोक्यो, सियोल, शंघाई और हांगकांग के बाजार हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार गुरुवार को लाभ के साथ बंद हुए। पिछले सत्र में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 427.49 अंक की बढ़त के साथ 54,178.46 अंक पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 143.10 अंक चढ़कर 16,132.90 अंक पर बंद हुआ था। शुक्रवार के कारोबार को सेक्टरवार



देखें तो निफ्टी बैंक, ऑटो और फाइनेंशियल सेक्टर बाजार की अगुवाई कर रहे हैं और इन सेक्टर के स्टॉक्स में आज सुबह से ही तेजी दिख रही है। इतना ही नहीं आज निफ्टी मेटल को छोड़कर अन्य सभी सेक्टर्स हरे निशान पर कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी मेटल के स्टॉक्स में गिरावट दिख रही है।

## एशियाई बाजारों में बढ़त पर कारोबार

**मुंबई** । एशिया के ज्यादातर शेयर बाजारों में शुक्रवार सुबह रौनक दिख रही है और हरे निशान पर कारोबार हो रहा है। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज 0.85 फीसदी की तेजी के साथ कारोबार कर रहा है, जबकि जापान का निक्केई 1.02 फीसदी की बढ़त पर टिका हुआ है। ताइवान के बाजार में 0.99 फीसदी और दक्षिण कोरिया के कॉस्पी पर 1.32 फीसदी की जोरदार तेजी दिख रही है। चीन का शंघाई कंपोजिट 0.06 फीसदी गिरावट पर दिख रहा है। भारतीय शेयर बाजार से विदेशी निवेशकों की धन निकासी का सिलसिला टूट नहीं रहा है। पिछले कारोबारी सत्र में भी विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 925.22 करोड़ रुपए के शेयर बेचकर बाजार से पैसे निकाल लिए। हालांकि, इसी दौरान घरेलू संस्थागत निवेशकों ने बाजार में 980.59 करोड़ रुपए के शेयर खरीद डाले, जिससे बाजार बढ़त पर बंद हुआ।

## अमेरिका और यूरोपीय बाजारों में तेजी रही

**मुंबई** । अमेरिकी शेयर बाजार भी अब संभावित मंदी की आशंका और ब्याज दरें बढ़ाने के दबाव से उबर रहा है। पिछले दो सत्रों में लगातार तेजी दिखी और निवेशकों का भरोसा भी वापस आ रहा है। पिछले कारोबारी सत्र में भी अमेरिका के प्रमुख शेयर बाजार में शामिल नेस्डेक पर 2.28 फीसदी की जोरदार तेजी दिखी। इसका असर यूरोपीय बाजारों के सेंटिमेंट पर भी दिखा। यूरोप में भी पिछले कारोबारी सत्र के दौरान सभी प्रमुख शेयर बाजारों में तेजी दिखी है। यूरोप के टॉप स्टॉक मार्केट में शामिल जर्मनी का एक्सचेंज पिछले सत्र में 1.97 फीसदी की बड़ी बढ़त पर बंद हुआ था। इसके अलावा फ्रांस के शेयर बाजार में 1.60 और लंदन स्टॉक एक्सचेंज पर 1.14 फीसदी की जोरदार तेजी दिखी थी।

# नियमित और कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले कर्मचारियों को मिलने वाले भत्तों पर नहीं लगेगा जीएसटी

## केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने जारी किया सर्कुलर

**नई दिल्ली** । नियमित और कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले कर्मचारियों को नियोक्ता की ओर से मिलने वाले भत्तों और सुविधाओं पर जीएसटी नहीं देना होगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने इस बारे में सर्कुलर जारी कर दिया है। सीबीआईसी के अनुसार नियोक्ता की ओर से कर्मचारी को मिलने वाली सुविधाओं और भत्तों को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया है। ऐसे में मामलों में जुर्माना तभी लगाया जाएगा जब फर्जी इनवॉइस के जरिये बिना उत्पाद सप्लाई किए टैक्स चोरी की जाएगी। सीबीआईसी ने यह सर्कुलर पिछले दिनों जीएसटी परिषद की बैठक में हुए फैसलों के बाद जारी किया है। टैक्स एक्सपर्ट का कहना है सर्कुलर कर की मांग में कमी लाने में मददगार साबित होगा। साथ ही फर्जी इनवॉइस के मामलों में होने वाली गिरफ्तारियों पर भी अंकुश लगेगा। इसके अलावा अदालतों पर भी मामलों का बोझ कम होगा।

एक अन्य टैक्स एक्सपर्ट ने कहा कि सीबीआईसी के इस सर्कुलर ने उद्योग जगत की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा कर दिया है। उद्योग जगत का कहना था कि कर्मचारी को मिलने वाली सुविधाएं और भत्ते उनके और नियोक्ता के बीच हुए करार का ही हिस्सा हैं। लिहाजा इन पर जीएसटी नहीं लगाया जाना चाहिए। सीबीआईसी ने एक अन्य सर्कुलर में उद्योग जगत और कर अधिकारियों को स्पष्ट किया है कि फर्जी इनवॉइस के मामले में डिमांड और पेनाल्टी लगाई जाएगी। टैक्स एक्सपर्ट ने कहा कि सप्लायर पर उत्पाद या सेवाओं की आपूर्ति के एवज में कोई जीएसटी नहीं लगाया जाएगा, लेकिन फर्जी इनवॉइस के मामले में पेनाल्टी जरूर लगेगी। अगर एक बार जीएसटी कानून के तहत प्राप्तकर्ता पर जुर्माना लगाया जा चुका है, तो दोबारा उसी अपराध के लिए जीएसटी नहीं लगाया जाएगा।

## इंडिगो के पायलट्स और क्रू के कटे वेतन में 8 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली** । भारत की निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी एवं किफायती हवाई कंपनी इंडिगो ने अपने पायसट्स और केबिन क्रू की कटे हुए वेतन को 8 फीसदी दोबारा लागू करने का फैसला किया है। बढ़ी हुई सैलरी 1 अगस्त से लागू होगी। इस तरह पायलटों और केबिन क्रू के कुल वेतन को प्री-कोविड सैलरी के 16 फीसदी तक बहाल किया गया है। कोरोना वायरस संक्रमण के दौरान जब एयरलाइन ट्रैफिक घटा था तब कंपनी ने अपने कर्मचारियों की सैलरी में कटौती की थी। इंडिगो की डोमेस्टिक फ्लाइट्स में से 55 फीसदी फ्लाइट्स 2 जुलाई को देरी से चलीं, क्योंकि बड़ी संख्या में क्रू मेंबर्स ने बीमारी के नाम पर छुट्टी ले ली। सूत्रों ने बताया था कि क्रू मेंबर्स इस तरह छुट्टी लेकर एयर इंडिया के भर्ती अभियान में शामिल होने चले गए थे। इस मामले के बारे में पूछे जाने पर एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए के प्रमुख अरुण कुमार ने रविवार को कहा, हम इसे देख रहे हैं।

## हिंदुस्तान यूनिलीवर बिहार में एक साल में करेगी 36000 करोड़ का निवेश, मिली स्वीकृति

**पटना** । बिहार अब बीमार प्रदेश के तमगे से मुक्त होने जा रहा है यहां देश के कई उद्योगपतियों ने बिहार में निवेश की इच्छा जताई है। इससे बिहार में अगले कुछ सालों में लाखों युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना प्रबल हो गई है। बता दें कि अब हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी बड़ी कंपनियों ने अब बिहार में 500 करोड़ से अधिक के निवेश की इच्छा जताई है। अडानी समूह पहले से ही बिहार में निवेश के लिए जमीन तलाश रही है। अब हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी विदेशी कंपनियां भी बिहार में निवेश के लिए जमीन तलाशने का काम शुरू कर दिया है। आपको बता दें कि हाल के दिनों में बिहार में कई उद्योग-धंधों की शुरुआत हुई है। इसके लिए बिहार के उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन लगातार प्रयास कर रहे हैं। पिछले दिनों ही कोलकाता में निवेश मीट में केवंटर्स एग्रो ने 600 करोड़ और जेआईएस ग्रुप ने 300 करोड़ का निवेश प्रस्ताव बिहार सरकार को दिया था। पेप्सी और आईटीसी जैसी कंपनियां पहले ही निवेश कर काम शुरू कर दिया है। बिहार किस स्तर का उपभोक्ता बाजार बनता जा रहा है, यह हाल के दिनों में उद्योगपतियों के इच्छा से पता चल रहा है। देश के कई उद्योगपति अब बिहार को उत्पादक राज्य बनाने कि दिशा में लगातार निवेश कर रहे हैं। अभी हाल में बिहार के बेगूसराय में पेप्सी ने अपना प्लांट चालू किया है। इसके साथ ही आईटीसी पहले ही बिहार में काम कर रही है। ब्रिटानिया को राज्य सरकार उद्योग लगाने के लिए पहले जमीन आवंटित कर दी है।

# मेरे पास ऐसा कोई नहीं है, जिसे मैं कॉल या मैसेज करूं : निधि अग्रवाल



अभिनेत्री निधि अग्रवाल का कहना है कि वह जब भी अपने दोस्तों के साथ बाहर जाती हैं, तो वे खासी एहतियात बरतती हैं। वह नहीं चाहती हैं कि उनके बारे में कयास लगाए जाएं कि वह किसे डेट कर रही हैं। निधि ने कहा, पेपराज्जी द्वारा मुझे स्पॉट करने की कुछ घटनाओं के बाद अब मैं बहुत सावधानी बरतती हूं। यहां तक कि अपने दोस्त के साथ डिनर पर जाते हुए भी मैं बहुत एहतियात बरतती हूं। मैं नहीं चाहती हूं कि मुझे लेकर अफवाहें उड़ें या किसी के साथ मेरा बेवजह नाम जोड़ा जाए। अभिनेत्री इस समय तेलगु सुरपस्टार पवन कल्याण के साथ एक अनटाइटल्ड फिल्म कर रही हैं। वह कहती हैं, मेरी जिंदगी शानदार है। मैं लगातार ट्रैवल कर रही हूं। मैं पूरी तरह सिंगल हूं। मेरे पास ऐसा कोई नहीं है, जिसे मैं मैसेज करूं या कॉल करूं। कई बार जब मैं दूसरों को फोन पर देखती हूं, तो मैं सोचती हूं कि मैं किसे मैसेज करूं। इसके बाद मैं अपने मैनेजर को मैसेज कर देती हूं। क्या वह किसी रिलेशनशिप में बंधने के लिए तैयार हैं इसे लेकर वह कहती हैं, पहली बात तो इसके लिए मेरा किसी ऐसे इंसान से मिलना जरूरी है। फिर चीजें आगे बढ़ेंगी। लेकिन मैं अभी बहुत खुश हूं, जब मेरी जिंदगी में कोई आ जाएगा मैं तब भी खुश होऊंगी।

## मवाली दिल सॉन्ग और निकिता गांधी का अंदाज

मूल ट्रैक मवाली दिल के वीडियो में निकिता गांधी कुछ पंक्तियां गाती हुई एक कैमियो करते हुए नजर आयी थी। निकिता स्वतंत्र संगीत में काम कर रही हैं। हालांकि मवाली के मूल ट्रैक को शाश्वत द्वारा लिखा और संगीतबद्ध किया गया है, निकिता ने गाने के लिए एक मजबूत जुड़ाव महसूस किया और इसको अपने अन्दाज में पेश करने का फैसला किया। सूत्रों के मुताबिक, निकिता ने गाने का एक कवर किया है क्योंकि वह व्यक्तिगत रूप से गैर-फिल्मी संगीत का समर्थन करती है और वह ओरिजनल ट्रैक से प्यार करती है। इसे रिलीज से एक दिन पहले शूट किया गया था। शूटिंग मारबेला, कोलकाता के एक मनमोहक छोटे कैफे में हुई।गाने पर काम करने के अनुभव को साझा करते हुए, निकिता कहती हैं, मवाली दिल एक ऐसा गाना है, जिस पर मैंने शाश्वत के साथ मिलकर काम किया, क्योंकि मैं गाने की शुरुआत से ही गाने का हिस्सा थी। यह मूल ट्रैक के लिए मेरा ट्रिब्यूट है। यह गीत मेरे लिए हमेशा खास रहा और इस रीमेक को बनाना वास्तव में इस खूबसूरत गाने के लिए बहुत बड़ी बात है।



## नागार्जुन की फिल्म वाइल्ड डॉग का ट्रेलर रिलीज

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मेघा स्टार सुपरस्टार अक्किनेनी नागार्जुन की फिल्म वाइल्ड डॉग का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। फिल्म में नागार्जुन का एक्शन अवतार फैन्स को देखने को मिलेगा। इस फिल्म में नागार्जुन एनआईए के एक स्पेशल ऑफिसर बने हैं। ट्रेलर में नागार्जुन आतंकवादियों से दो- दो हाथ करते नजर आएंगे। फिल्म में नागार्जुन के किरदार का नाम विजय वर्मा है, जिसे वाइल्ड डॉग भी कहते है। बता दें कि फिल्म सच्ची घटना पर आधारित बताई जा रही है, जिसमें हैदराबाद में हुए आतंकी हमले को दर्शाया गया है। गौरतलब है कि फिल्म का निर्देशन अहीशोर सोलोमन ने किया है जबकि इसका म्यूजिक थमन ने दिया है। फिल्म में नागार्जुन के साथ दीया मिर्जा, सैयामी खेर, अतुल कुलकर्णी, अली रजा, रुद्र प्रदीप, अनीश कुरुविला, केसी शंकर, शाद अली भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# चारू असोपा ने लगाया हॉटनेस का तड़का, फोटो वायरल



अपने बोल्ड अवतार में नजर आई चारू असोपा, फोटो वायरल एक्ट्रेस सुष्मिता सेन की भाभी और टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री चारू असोपा इस समय अपने पति राजीव सेन के साथ वैकेशन पर हैं। इस दौरान उन्होंने कई बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। हाल ही में चारु ने सोशल मीडिया पर अपनी नई फोटोज शेयर की, जिसमें वह रेड बिकिनी में नज़र आ रही हैं। एक्ट्रेस सुष्मिता सेन की भाभी और टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री चारू असोपा इस समय अपने पति राजीव सेन के साथ वैकेशन पर हैं। इस दौरान उन्होंने कई बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। हाल ही में चारु ने सोशल मीडिया पर अपनी नई फोटोज शेयर की, जिसमें वह रेड बिकिनी में नज़र आ रही हैं। चारू असोपा की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर जबरदस्त वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों को पंसद करने के साथ ही फैंस इस पर लगातर कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। चारु की तस्वीरों को देखकर मालूम होता है कि वो किसी बेहद खूबसूरत रिजॉट में ठहरी हैं। बता दें कि चारू अक्सर सिर्फ अपनी बल्कि पति राजीव के साथ भी अपनी रोमांटिक तस्वीरें और वीडियो फैंस के साथ सोशल प्लेटफॉर्म पर शेयर करती रहती हैं जिसे उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। राजीव सेन ने 27 फरवरी 2021 को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी पत्नी चारू असोपा के बर्थडे सेलिब्रेशन की कुछ तस्वीरें शेयर की थी।



## हादसों पर रोक कब

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ। हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई है। तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में भर्ती कराया गया। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में सड़क हादसे में एक दर्जन से भी ज्यादा लोगों की मौत हो गई। पिछले एक माह में यह चौथा बड़ा हादसा है। उत्तराखंड में मप्र के यात्रियों से भरी बस का खाई में गिरना रहा हो या इंदौर के पास बस हादसा, फिर उत्तराखंड में ही एक दुर्घटना और अब हिमाचल प्रदेश का वाक्या बता रहा है कि हादसों को लेकर कोई मुकम्मल व्यवस्था नहीं बन पाई है। ना ही चालक सजग हो रहे हैं और ना ही प्रशासनिक अमला। अमूमन हर रोज देश में सड़कों पर होने वाले हादसों में जो लोग मारे जाते हैं, उनमें से ज्यादातर की जान बचाई जा सकती थी, अगर सिर्फ कुछ बातों का ध्यान रखा जाता। लेकिन हकीकत यह है कि न तो सरकारी महकमे सड़कों के सफर को सुरक्षित बनाने के इंतजामों और नियमों को लेकर गंभीर रुख अपनाते हैं और न ही आम लोगों के स्तर पर अपने सुरक्षित सफर लेकर पर्याप्त सजगता दिखाई देती है। नतीजतन, बहुत मामूली वजहों से सड़कों पर होने वाले हादसों में लोगों की जान तक चली जाती है। जबकि अगर तय नियमों को लेकर लोगों की सजगता अव्वल तो हादसे की स्थिति से बचा सकती है और अगर किसी स्थिति में चूक हो भी गई तो कम से कम व्यक्ति की जान बच सकती है। पर अफसोस की बात यह है कि आम लोगों के स्तर पर बरती गई लापरवाही जहां हादसों का एक बड़ा कारण बनती है, वहीं संबंधित महकमे भी सड़क यातायात के नियम-कायदों को लेकर कई बार ढीला रवैया अख्तियार करते हैं। नियमों के पालन को लेकर इस तरह की उदासीनता अक्सर हादसों में तब्दील हो जाती है और नाहक ही लोगों की जान चली जाती है। सड़कों पर वाहनों की गति की जांच और लगाम लगाने के लिए जरूरी कदम उठाने से भारत में बीस हजार से ज्यादा लोगों की जान बच सकती है। वहीं केवल हेलमेट पहनने को लोग अपने लिए अनिवार्य मानने लगें और यातायात महकमे की ओर से इस नियम का पालन सुनिश्चित किया जाए तो इससे पांच हजार छह सौ तिरासी जिंदगी बचाई जा सकती है। इसी तरह, वाहनों में बैठ कर सफर करने वाले लोगों के बीच सीट बेल्ट के इस्तेमाल को बढ़ावा देकर तीन हजार से अधिक लोगों को मरने से बचाया जा सकता है। इसके अलावा, शराब पीकर वाहन चलाने की वजह से सड़क हादसों की कैसी तस्वीर बनती है, यह किसी से छिपा नहीं है। गौरतलब है कि हर साल दुनिया भर में सड़क हादसों में साढ़े तेरह लाख से ज्यादा लोगों की जान चली जाती है। इसमें से करीब नब्बे फीसद मौतें कम और मध्यम आय वाले देशों में होती हैं। अगर सड़क सुरक्षा के कुछ उपायों को ही ठीक से अमल में लाया जा सके, तो मरने वाले कुल लोगों में से लगभग चालीस फीसद तक लोगों को मरने से बचाया जा सकता है।

# 9 जुलाई गाय प्रशंसा दिवस

अरविन्द प्रेमचंद जैन

गाय एक ऐसा जानवर हैं जो जीवित अवस्था में उपयोगी हैं और मरने के उपरान्त भी उपयोगी जानवर हैं .हमारे देश में गाय माता के रूप में मानी जाती हैं तो वही वह ममता की मूरत होती हैं.आज इसे खाने के साथ चमड़े,हड्डी के लिए गोहत्या की जाती हैं जो निंदनीय हैं।

गाय प्रशंसा दिवस एक ऐसा दिन है जिसे गायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके द्वारा की जाने वाली हर चीज की सराहना करने के लिए बनाया गया है! गाय प्रशंसा दिवस के दौरान आपने कुछ अजीबोगरीब चीजें देखी होंगी। बहुत सारे लोग मुफ्त भोजन के लिए गायों की तरह तैयार होते हैं, और यह तो बस इसकी शुरुआत है! कई हिंदुओं के लिए, जो भारत की 1.3 अरब आबादी का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा हैं, गाय एक पवित्र जानवर है। हिंदू पौराणिक कथाओं में, जानवर को शिव जैसे कई देवताओं के साथ चित्रित किया गया है, जो अपने बैल नंदी, या कृष्ण, चरवाहे पर सवारी करते हैं। गाय कई उपयोगों के साथ एक मजबूत जानवर है, और दुनिया के कुछ हिस्सों में, जैसे भारत और नेपाल में इसे पवित्र माना जाता है। जबकि कुछ अपने मांस, दूध और खाल के लिए मवेशी पालते हैं, जिसका उपयोग चमड़ा बनाने के लिए किया जाता है, अन्य उन्हें पालतू जानवर के रूप में रखते हैं। इस दिन और उम्र में भी, उन्हें अभी भी मनुष्य की एक महत्वपूर्ण संपत्ति माना जाता है, इसलिए यह उचित है कि उनके पास गाय प्रशंसा दिवस है जो जुलाई के हर दूसरे मंगलवार को चिह्नित किया जाता है।

मवेशी मानव इतिहास में एक अनूठी भूमिका निभाते रहे हैं और कहा जाता है कि उन्हें नवपाषाण युग की शुरुआत में पालतू बनाया गया था। वे 2009 में पूरी तरह से मैप किए गए जीनोम वाले पहले पशुधन जानवरों में से एक बन गए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान और अमेरिकी कृषि विभाग के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की एक टीम ने पाया कि मवेशियों में लगभग 22,000 जीन होते हैं, और उनके 80 प्रतिशत जीन होते हैं। मनुष्यों के साथ साझा किया।

### गाय प्रशंसा दिवस का इतिहासः

पहली बार दिन को 2004 में चिह्नित किया गया था और इसे चिक-फिल-ए द्वारा बनाया गया था, जो सबसे बड़ी अमेरिकी फास्ट फूड रेस्तरां श्रृंखलाओं में से एक है, जिसकी विशेषता चिकन सैंडविच है। यह इसके विनोदी %ईट मोर चिकन% मार्केटिंग अभियान के बाद आया, जो 1995 में शुरू हुआ था। विज्ञापन अभियान के पीछे का विचार यह था कि गायें चाहती हैं कि लोग बीफ से ज्यादा चिकन खाएं।

### गाय प्रशंसा दिवस का महत्वः

यह दिन हमारे जीवन में गायों के महत्व पर प्रकाश डालता है, न केवल उनके द्वारा प्रदान किए जाने वाले दूध और मांस के लिए, बल्कि खेतों में गाड़ियाँ और हल खींचने जैसे काम के लिए भी। जब चीजों को उगाने की बात आती है तो वे सहायक भी होते हैं, क्योंकि उनके गोबर को खाद या ईंधन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह दिन महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उन सभी अच्छी चीजों के बारे में जागरूकता लाता है जो हमें गाय से मिल सकती हैं और हमें इसकी देखभाल कैसे करनी चाहिए।

### गाय प्रशंसा दिवस कैसे मनाया जाता हैः

आम तौर पर अमेरिका में, लोग गाय की पोशाक में तैयार होते हैं और चिक-फिल-ए जाते हैं जहां उन्हें मुफ्त भोजन दिया जाता है। पहला गाय प्रशंसा दिवस 2004 में चिक-फिल-ए के विनोदी ÷ईट मोर चिकन÷ मार्केटिंग अभियान के आलोक में शुरू किया गया था, जो 1995 में शुरू हुआ था। अभियान के



पीछे का विचार यह है कि गाय चाहती हैं कि लोग बीफ के बजाय अधिक चिकन खाएं। जबकि गाय दूध, पनीर, दही और आइसक्रीम जैसे बेहद स्वादिष्ट उपोत्पादों का उत्पादन करने में मदद करती हैं, हम उन डेयरी विकल्पों की तुलना में बहुत अधिक गोमांस खाते हैं। हालांकि बीफ विटामिन और खनिजों में अत्यधिक समृद्ध हो सकता है, और कम मात्रा में खाने के लिए अच्छा हो सकता है, फिर भी हमें खुद जानवरों को एक प्रशंसा देनी चाहिए जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं। मनुष्य हजारों वर्षों से गायों का दूध पी रहा है। आधुनिक डेयरी फार्मिंग 1900 की शुरुआत में पाश्चराइजेशन विकसित होने के बाद शुरू हुई। आज, दुनिया भर में 65त्न लोग लैक्टोज को पचाने में असमर्थ हैं, यह संख्या कुछ जातीय समूहों में लगभग 90त्न है, जिनमें मूल अमेरिकी, अफ्रीकी अमेरिकी और हिस्पैनिक मूल के लोग शामिल हैं। तो हम अभी भी दूध क्यों पी रहे हैं? शुरू करने के लिए, यह स्वादिष्ट है, और अक्सर कई व्यंजनों में एक प्रमुख घटक है। हालांकि, हाल ही में दुनिया भर में कई वयस्कों के लिए दूध के विकल्प लोकप्रियता और गति प्राप्त कर रहे हैं। अग्रणी स्वास्थ्य संगठन अभी भी छोटे बच्चों के लिए दूध के पोषण लाभों को पहचानते हैं, और केवल वयस्कों के लिए पौधे आधारित दूध पर प्राकृतिक डेयरी दूध की सिफारिश करते हैं।

लैक्टोज के मुद्दे एक तरफ, गायों ने हमें पिछले हजारों वर्षों और उससे अधिक समय के लिए आभारी होने के लिए बहुत कुछ दिया है।ए एस पी एस ए का कहना है कि कई गायों और अन्य खेत जानवरों के साथ कारखाने के खेतों में अमानवीय व्यवहार किया जाता है। यह इस तरह नहीं होना चाहिए। छोटे पैमाने के पारिवारिक फार्मों और घरेलू फार्मों का प्रबंधन ÷फैक्ट्री फार्मों÷ की तुलना में अलग ढंग से किया जाता है, जिनमें 500 या अधिक मवेशी होते हैं। इन छोटे पैमाने के खेतों का समर्थन करना, जो कि निगमों के बजाय परिवारों के स्वामित्व में हैं, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करते हैं, और यह सुनिश्चित करते हैं कि गायों को वह देखभाल और सम्मान मिले जिसके वे हकदार हैं।

### 8,000 ईसा पूर्व,एक गाय लो,घरेलू गाय की उत्पत्ति।

6,000 ईसा पूर्व,बैंक में मूस,अनाज और मवेशियों को मुद्रा के रूप में इस्तेमाल किया जाता था और व्यापार किया जाता था।

4,000 ईसा पूर्व,दूध मिल गया?,गायों का दूध दुहना शुरू हो गया।

500 ईसा पूर्व,द ग्रेट मू-ग्रेशन,अफ्रीका में पहले ज्ञात मवेशी।

अगस्त 25, 1493,द मू वर्ल्ड,क्रिस्टोफर कोलंबस मवेशियों को अमेरिका ले आए।

संख्या के अनुसार गाय प्रशंसा दिवस

गाय बहुत सामाजिक होती हैं

वे बहुत ही सामाजिक, भावनात्मक प्राणी हैं जो अपने दोस्तों और परिवार के साथ कड़े बंधन बनाते हैं, विशेष रूप से एक मां और उसके बछड़ों के बीच का बंधन, जो अलग होने पर दोनों को अत्यधिक संकट दिखाएगा।

### गायें अधिक दूध देती हैं जब वे खुश होती हैं

हाल ही में हुए एक अध्ययन ने यह निष्कर्ष निकाला है कि जो मवेशी खुशहाल जीवन जीते हैं, वे अधिक कैल्शियम के साथ अधिक पौष्टिक दूध का उत्पादन करते हैं।

## विवेक ही धर्म है

युग के आदि में मनुष्य भी जंगली था। जब से मनुष्य ने विकास करना शुरू किया, उसकी आवश्यकताएं बढ़ गई। आवश्यकताओं की पूर्ति न होने से समस्या ने जन्म लिया।समस्या सामने आई तब समाधान की बात सोची गई। समाधान के स्तर दो थे- पदार्थ-जगत, मनो-जगत. प्रथम स्तर पर पदाथरे के सुनियोजित उत्पादन और उनकी व्यवस्था को आकार मिला। दूसरा स्तर मानसिक था। इस जगत की समस्याएं थी अपरिमार्जित वृत्तियां, असंतुलन और तनाव। इन समस्याओं को समाहित करने के लिए धर्म की खोज हुई। धर्म का अर्थ है पारंपरिक मूल्य-मानकों से परे हटकर मनुष्य को सत्य की दिशा में अग्रसर करना। जब तक धर्म अपने इस परिवेश में रहता है, तब तक वह रूढ़ नहीं हो सकता। पर उद्देश्य की विस्मृति के साथ ही उसमें रूढ़ता आ जाती ह। रूढ़ धर्म को व्यक्ति अपने जीवंत संदभरे से काटकर परलोक के साथ जोड़ देता है। बस यहीं से धर्म में विकृति का प्रवेश होने लगता है। मैं ऐसा सोचता हूं कि धर्म का संबंध हमारी हर सांस से होना चाहिए। ऐसा वे ही व्यक्ति कर सकते हैं जो अपने जीवन की सतह पर दौड़-धूप कर रहे हैं। या फिर यह उन लोगों का काम है जो जीवन की गहराइयों में उतरकर अध्यात्म के प्रति समर्पित हो जाते हैं। जीवन की सतह पर जीने वाले व्यक्ति धर्म की गहराई में नहीं उतर सकते, किंतु अध्यात्म के प्रयोक्ता की दृष्टि से वह गहराई छिपी नहीं रह सकती। जो व्यक्ति उतनी गहराई में उतरे, उन्हें धर्म की विकृतियों का बोध हुआ। जो धर्म मन को समाधान देने वाला था, वह स्वयं समस्या बनकर उभर गया। इस दृष्टि से उसमें संशोधन व परिवर्तन की अपेक्षा अनुभव हुई।

## महाराष्ट्र में भाजपा के एक तीर से कई निशाने

नवीन जैन

ऐसा भी होता है कि बड़े फायदे के लिए छोटा फायदा छोड़ना पढ़ता है। राजनीति का ,तो एक तरह से यह शाश्वत नियम है। महाराष्ट्र में जो कुछ हुआ है उसे इसे नजरिए देखा जाए पूरासिनेरियो साफ हो सकता है । जान लें कि जब करीब ढाई साल पहले महाराष्ट्र विधानसभा की कुल 288 सीटों के आम चुनाव हुए थे ,तब भाजपा सबसे ज्यादा सीटें लेकर स्वाभाविक रूप से सत्ता की हकदार बनी थी,लेकिन महाराष्ट्र अघाड़ी के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे जो जब मुख्यमंत्री पद के लिए समझौता करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लम्बे समय तक मुंबई में डेरा डाले रहे , तो उद्धव ठाकरे ने न सिर्फ उन्हें बेरंग लौटा दिया बल्कि धमकी भी दे डाली कि हमें अब अपनी पार्टी का ज्यादा से ज्यादा विस्तार भी करना है। ठाकरे अपने स्व.पिताश्री बाल ठाकरे के अंदाज में अमित शाह को चमका भी दिया कि यदि हमारी बात नहीं मानी गई तो फिर हम शिव सेना है। राजनीतिक क्षेत्रों में तब माना गया था कि उद्धव ठाकरे शिव सेना के गठन के इतिहास से अब तक का हवाला देकर अपना हित साध रहे थे।उसमें वे सफल भी हो गए। नतीजा यह हुआ कि भाजपा और शिव सेना की तीस साल पुरानी युति में कदाचित हरदम के लिए दरार पड़ गई । नतीजा यह हुआ कि एक ऐसा राजनेता देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बैठी सरकार का लगभग ढाई साल तक मुखिया बना बैठा रहा जिसे सामान्य कारकून का अनुभव भी नहीं था ,और जो विधान परिषद यानी पिछले दरवाजे से चुनकर सदन में आया।देश के लगभग अन्य हिस्सों की तरह 48लोकसभा सीटों वाले महाराष्ट्र में भी मराठा समाज का बोलबाला है । इनकी सूबे में कुल आबादी 33फीसद मानी जाती है।इन वोटर्स को वे अपनी जागीर मानते रहे हैं। इसीलिए दूसरी पार्टीज भी उनकी हां में हां मिलाकर ही अपनी अस्तित्व रक्षा कर सकती है।यदि कोई शिव सेना के इतिहास को जानता हो तो उसे मालूम होगा अच्छी तरह से कि इस मूल रूप से धार्मिक संगठन के मूल में सांप्रदायिक नफरत ,घृणा ,उन्माद आदि रहे हैं। आगे चलकर यह पॉलिटिकल पार्टी हो गई ,और भाजपा वगैरह का साथ लेकर जब मौका आया सता सुख भी भोगा।इसी बीच अपने पिता से प्रेरित होकर शिव सेना की स्थापना करने वाले स्व.बाला साहब ठाकरे हिंदू हृदय सम्राट कहे जाने लगे।माना जाता है कि महाराष्ट्र में मराठा वोट वक्त की धार बदलने में अक्सर कामयाब होते रहे हैं। इन पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ,पूर्व केंद्रीय रक्षा ,और कृषि मंत्री शरद पवार का जादू चलता रहा है।राजनीतिक पंडितों की सुनें तो मानना पड़ेगा कि भाजपा के पिछले दिनों कोई ग्यारह दिन चलेपरदे के पीछे से खेल दिखाने में शरद पवार को ऐसी सिद्धि प्राप्त है कहा जाता है कि कभी पीएम नरेंद्र मोदी तक उन्हें महागुरू कहते रहे हैं। स्व .अटलबिहारी वाजपेई तक उनके घोर प्रशसक रहे हैं।तो ,भाजपा की कुल जमा रणनीति यह बताई जा रही है कि एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री पद देकर मराठा वोट बैंक को साधा जाए।बताया जाता है कि आम मतदाता शिव सेना के रोज की उठा प्थका से ऊब गया है।इसी पार्टी के राज्य सभा सदस्य संजय राउत से कुछ दिनों पहले ही ईडी ने मनी लांड्री के मामले में दस घंटे पुछताथ की।पीएम नरेंद्र मोदी हैदराबाद की पार्टी बैठक में कह ही चुके हैं देश को परिवार वाद की राजनीति से मुक्त करवाना है। महाराष्ट्र में सियासत का रिमोट या तो शरद पवार , एवं ठाकरे परिवार के हाथों में रहाहै। राजनीतिक जानकर का कहना है कि पूर्व में मुख्यमंत्री रहे देवेंद्र फडणवीस को उप मुख्यमंत्री बनाकर फिलहाल भाजपा ने काफी कुछ खोया ही है ,लेकिन कुछ ही समय में भाजपा के हक इससे बहुत कुछ ज्यादा जा सकता है।वहां निकट भविष्य में स्थानीय निकायों के चुनाव होने हैं।उक्त चुनाव कितने महत्वपूर्ण है यह इसी तथ्य से समझा जा सकता है कि मुंबई महानगरपालिका का सालाना बजट पूरी महाराष्ट्र सरकार से कहीं अधिक होता है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि पहले भाजपा कारपोरेट चुनाव में झंडा फहराना चाहती है। करीब ढाई साल बाद विधान सभा की कुल 288सीटों के आम चुनाव ,फिर तत्काल बाद लोकसभा की कुल 48सीटों के आम चुनाव होने हैं। तो , भाजपा इन आने वाले चुनावों पर दाव लगाए बैठी है।इसीलिए बड़े भारी मन से देवेंद्र फडणवीस ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा की मानकर उप मुख्यमंत्री पद का डिमोशन स्वीकार करके उप मुख्यमंत्री पद स्वीकार कर सभी को हैरत में डाल दिया।

# फिल्मों के माध्यम से आस्था का मजाक उड़ाना उचित नहीं?

### सूडोकु नवताल- 6126

✷✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6125 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

सुरेश हिंदुस्थानी

चल चित्रों के माध्यम से जिस प्रकार से फिल्म के निर्माता निर्देशकों द्वारा हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं अपमान किया जाता है, वह निश्चित ही शर्म की बात है। इन लोगों की इतनी हिम्मत इसलिए भी हो जाती है, क्योंकि हिन्दु समाज पुरातन काल से सहिष्णु है। वह सर्वधर्म समभाव की भावना को अंगीकार करता है। इसीलिए हिन्दू समाज सभी धर्मों का सम्मान करता रहा है। फिल्म बनाने वाले हिन्दु समाज की इसी विशेषता के कारण ऐसा कुकृत्य करने की दुस्साहसिक हिम्मत करता है। हम यह भली भांति जानते हैं कि ऐसी फिल्म किसी और धर्म की बना दी जाए तो तूफान आ जाता है। कहना यही है कि यह तूफान भी जायज है, क्योंकि इस प्रकार का कृत्य एक बहुत बड़ा धार्मिक अपराध ही है। विश्व के किसी भी व्यक्ति को ऐसी फिल्मों को धार्मिक अपराध की दृष्टि से ही देखना चाहिए। फिर चाहे वह किसी भी धर्म का हो। भारत पुरातन काल से वसुधैव कुटुम्बकम के भाव से समस्त विश्व को देखता है। इस भाव को पुष्ट करने के लिए भारत के प्राचीन धर्म ग्रंथ समाज को एक होने की राह पर अग्रसर करते हैं। इसलिए भारत की संस्कृति को विविधता में एकता के रूप में व्याख्यायित किया जाता है। भारतीय दर्शन को आत्मसात करने वाले समाज में यही भाव एक विशेष गुण के रूप में दिखाई देता है, लेकिन जब भारत में पराधीन काल रहा, उस समय भारत की इस संस्कृति को मिटाने का उपक्रम किया गया।



सांस्कृतिक मानबिन्दुओं पर कुठाराघात करने के कुत्सित प्रयास किए गए। इतना ही नहीं आज भी ऐसी मानसिकता के व्यक्ति पूरे विश्व में रहने वाले हिन्दू समाज की आस्था पर हमला करते दिखाई देते हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर सरेआम हिन्दू देवी देवताओं का अपमान किया गया। जिसमें हम सभी को स्मरण होगा कि एक मुस्लिम चित्रकार मकबूल फिदा हुसैन ने माँ सरस्वती की आपत्तिजनक तसवीर बनाकर भारत की आस्था को रौंदने का काम किया था। विसंगति तो यह है कि कुछ संस्थाओं द्वारा इस कृत्य को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर समर्थन किया गया, जबकि इसके विपरीत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के ये समर्थक किसी और धर्म के बारे में सही बात को भी गलत तरीके से प्रचारित करके बबंडर खड़ा कर देते हैं। लेकिन हिन्दू आस्था पर हमले करने वालों के लिए ये मौन साध लेते हैं। हालांकि यह सही है कि किसी भी समाज की आस्था का मजाक बनाना न्यायोचित नहीं कहा जा सकता और न ही यह कृत्य किसी भी प्रकार क्षम्य ही है। ऐसा कृत्य पूरी तरह से एक बड़े अपराध की श्रेणी में ही आता है। फिर भी मन दुखी तब होता है, जब एक जैसी घटनाओं को अलग अलग दृष्टिकोण से देखा जाता है। इस प्रकार की मानसिकता ठीक नहीं कही जा सकती। हम सभी को भारत के मूल स्वभाव का परिचय देना चाहिए। अभी हाल ही में टोरंटो निवासी फिल्म निर्माता लीना मणिमेकलाई ने अपनी विवादित डॉक्यूमेंट्री फिल्म %काली' का जो पोस्टर जारी किया है, उससे हिन्दू समाज उद्वेलित है। इस पोस्टर में हिन्दू समाज की आराध्य मां काली को अपत्तिजनक अवस्था में प्रदर्शित किया है। यहां प्रश्न यह है कि फिल्म का नाम काली ही क्यों रखा गया? क्या यह सोची समझी साजिश का हिस्सा है? सवाल यह भी है कि ऐसे कृत्यों के बाद भी हिन्दू समाज से शांति से अपील की जाती है। जबकि ऐसे कृत्यों पर मुसलमाना या ईसाई समाज की आवाज की आवाज को विश्व स्तर पर प्रचारित करने का अभियान चलाया जाता है। इसका मतलब यही हुआ कि मारो भी और रोने भी मत दो। किसी शायर ने कहा है कि हम आह भी करते हैं तो हो जाते हैं बदनाम, वो क़त्ल भी करते हैं तो चर्चा नहीं होती। आज हिन्दू समाज के साथ यही हो रहा है। वह सही बात भी करता है तो उसे कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया जाता है। इसी प्रकार वाराणसी में प्रकट हुए भगवान शिव के बारे में भी अपमानजनक टिप्पणियां की गईं।

## मतभेद रखें लेकिन मनभेद नहीं

वेदप्रताप वैदिक

आजकल हमारे टीवी चैनलों और कुछ नेताओं को पता नहीं क्या हो गया है? वे ऐसे विषयों को तूल देने लगे हैं, जो देश की उन्नति और समृद्धि में कोई योगदान नहीं कर सकते। जैसे भाजपा प्रवक्ता के द्वारा पैगंबर मोहम्मद के बारे में दिया बयान और अब केनाडा में बनी फिल्म 'काली' को लेकर देश का कितना समय बर्बाद हो रहा है। हमारे लगभग सभी टीवी चैनल दिन भर इसी तरह के मुद्दों पर पार्टी-प्रवक्ताओं और बड़बोले सतही वक्ताओं को बुलाकर उनका दंगल दिखाते रहते हैं। इन बहसों का एकमात्र लक्ष्य यही होता है कि टीवी चैनल अपनी दर्शक-संख्या (टीआरपी) में वृद्धि करें। इन बहसों में शामिल लोग एक-दूसरे की बात काटने के लिए अनर्गल भाषा का इस्तेमाल करते हैं, एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हैं और ऐसी बातें नहीं कहते हैं, जिनसे करोड़ों दर्शकों का ज्ञानवर्द्धन हो। देश के अनेक विचारशील और गंभीर स्वभाव के लोग इन बहसों को देखकर दुखी होते हैं और उनमें से बहुत-से लोग टीवी देखना ही टालते रहते हैं। वे मानते हैं कि इन बहसों को देखना अपना समय नष्ट करना है। लेकिन आम आदमियों पर ऐसी बहसों का कुप्रभाव आजकल हम जोरों से देख रहे हैं। कभी उन्हें लगता है कि फलां वक्ता ने शिवजी का अपमान कर दिया है, फलां ने पैगंबर के बारे में घोर आपत्तिजनक बात कह दी है और फलां ने काली माता की छवि चौपट कर दी है। यदि ऐसा किसी विधर्मी के द्वारा हुआ है तो फिर आप क्या पूछते हैं? सारे देश में प्रदर्शनों, जुलूसों और हिंसा का माहौल बन जाता है। हमारी सभी पार्टियों के नेताओं की गोटियां गरम होने लगती हैं। वे एक-दूसरे के विरुद्ध न सिर्फ तेजाबी बयान जारी करते रहते हैं बल्कि पुलिस थानों में रपटें लिखवाते हैं, अदालतों में मुकदमे दायर कर देते हैं और कुछ सिरफिरे लोग हत्या व आगजनी पर भी उतारु हो जाते हैं। वे यह क्यों नहीं समझते कि उनके धर्मों के देवी-देवताओं या महापुरुषों की महिमा क्या इतनी छुई-मुई है कि उनके खिलाफ कही गई कुछ ऊटपटांग बातों के कारण उनकी प्रतिष्ठा धूमिल हो सकती है? क्या उनके प्रति सदियों से चली आ रही श्रद्धा और भक्ति की परंपरा इन चलताऊ टिप्पणियों के कारण नष्ट हो सकती है? मैं तो सोचता हूं कि बहस का जवाब बंदूक से नहीं, बहस से दिया जाना चाहिए। सभी धर्मों के महापुरुषों का व्यक्ति के रूप में पूर्ण सम्मान किया जाना चाहिए लेकिन उनके व्यक्तित्वों और सिद्धांतों पर खुली बहस होनी चाहिए।

# निगम मुरैना के लिए भाजपा का घोषणा पत्र जारी, 21 मुख्य कार्यों को पूर्ण कराने का किया वादा

**मुरैना।** नगर निगम मुरैना चुनाव का प्रचार अब अंतिम चरणों की ओर चल रहा है तथा दोनों ही मुख्य दल भाजपा कांग्रेसी अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं। इसी श्रंखला में शुक्रवार को भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर सहित भाजपा के तमाम नेताओं ने मीडिया के समक्ष नगर निगम चुनाव के लिए अपना संकल्प पत्र जारी किया और मुरैना को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने तथा ग्रीन व क्लीन बनाने का संकल्प दोहराया।

केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में भाजपा के नगर निगम सरकार ने ईमानदार कोशिश की है और विकास की नई इबारत लिखी है। उन्होंने कहा कि मुरैना का आकार प्रकार बड़ा है तो वहीं केंद्र एवं राज्य सरकार का फोकस भी बड़ा है। जहां बड़े-बड़े महानगर सीवर के लिए तरस रहे थे, वही मुरैना में सीवर कार्य 90 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि नागरिक की मौलिक आवश्यकता होती है बिजली, सीवर, पानी, बिजली तो पर्याप्त है और पानी की दिक्कत है, उसके लिए 208 करोड़ की लागत से चंबल क्षेत्र से मुरैना के नागरिकों को पानी उपलब्ध कराने राशि स्वीकृत हो चुकी है तथा टेंडर भी हो चुके हैं और आगामी 5 वर्षों में मुरैना नगर की जनता को स्वच्छ पानी दिलाने का प्रयास पूर्ण होगा। गंदे पानी का निकास हो, नाले का निर्माण हो, इसके लिए नालों का निर्माण चल रहा है। नगर की जनता के लिए बैरियर पर फ्लाईओवर निर्मित कराया गया और इसी तरह लालौर और शिकारपुर रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने का काम शीघ्र कराएंगे एवं मुरैना को ग्रीन क्लीन बनाया जाएगा। इसके लिए स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए पार्कों का निर्माण कराया जाएगा। मुरैना में श्मशान घाट स्थापित है, जिसमें विकास और सौंदर्यीकरण की आवश्यकता है तथा तमाम सुविधाओं की उपलब्धता भी कराना है। युवाओं के लिए एक सेंटर बनाया जाएगा, जिसमें वह कंपटीशन की तैयारी कर सकेंगे, इसे यूथ सेंटर का नाम दिया जाएगा। इसी प्रकार दिव्यांगों के लिए जो सेंटर बना है, वह नाकाफी है, उसका जीर्णोद्धार कर एजुकेशन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मुरैना में दशकों पूर्व स्टेडियम बनाया गया था, मगर वह मापदंड के अनुरूप नहीं है और उसमें गेम्स नहीं हो सकते, इसलिए 10 करोड़ की लागत से इसको निर्मित किया जाएगा, ताकि सभी गेम्स खेले जा सके। उन्होंने कहां की निवी क्षेत्र में नवीन स्पोर्ट खेल परिसर विकसित कराया जाएगा।



श्री तोमर ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जो दल मैदान में हैं, उनके पास कुछ है नहीं, सामने दलदल है, उसका कोई इतिहास नहीं है। उनका ना भूतकाल था ना भविष्य में कुछ कर पाएंगे। उन्होंने जनता से अपील की है कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है तथा निगम में भी भाजपा की सरकार होगी तो मुरैना विकास के नए आयाम छुएगा। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष योगेश पाल गुप्ता, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह, निगम के चेयरमैन रघुराज सिंह कंसाना, विधायक कमलेश जाटव, निगम के चेयरमैन एदल सिंह कंसाना, निगम के चेयरमैन गिर्राज डण्डोतिया, प्रत्याशी श्रीमती मीना मुकेश जाटव, अभय चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष केदार सिंह यादव, प्रवक्ता आशीष अग्रवाल, महेश मिश्रा, हमीर पटेल, नीरज भदौरिया आदि उपस्थित थे।

## आसमानी बिजली गिरने से अधेड़ की मौत

**दतिया।** जिले के पंडोखर थाना क्षेत्र में स्थित घनश्यामपुर गांव में आसमानी बिजली गिरने से एक अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है ।जानकारी के अनुसार ग्राम घनश्यामपुर निवासी कल्लू 50 साल खेत में काम कर रहा था तभी आसमानी बिजली गिरी जिससे कल्लू बुरी तरह झुलस गया। उसे इलाज के लिए भांडेर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## मतदाता निर्भीक होकर करें मतदान : कलेक्टर

**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बक्की कार्तिकेयन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। कलेक्टर ने कहा है कि त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के तृतीय चरण की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। मतदान सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक होगा। मतगणना 11 जुलाई को संबंधित खण्ड मुख्यालयों पर की जायेगी। मतदान केन्द्रों पर पॉलिंग एजेन्ट और मतदाता किसी भी प्रकार का मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे। शांतिपूर्ण मतदान कराने के उद्देश्य से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। गुरूवार को सभी मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दल मतपेटी एवं मतपत्र लेकर रवाना हो गए हैं।

## पत्रकार समाज को राह दिखाते हैं, तथा गरीबों को न्याय दिलाते हैं : रामकुमार गुप्ता

**पोरसा।** पत्रकार समाज का दर्पण होते है ,सभी गरीबों को न्याय दिलाने में पत्रकारों की अहम भूमिका होती है, पत्रकार ही देश में बैठी सरकार के सामने क्षेत्र की समस्याओं को रखकर समाधान करवाते हैं तथा भटके को राह दिखाते हैं पत्रकार,,, रामकुमार गुप्ता आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गांधीनगर पोरसा के द्वारा आज समाधान परक पत्रकारिता से समृद्ध भारत की ओर थीम पर आज कार्यशाला आयोजित की गई जिसका शुभारंभ हुआ दीप प्रज्वलित करके किया गया इस कार्यक्रम में बीके रेखा बहन ने कार्यक्रम का संचालन किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम कुमार गुप्ता तथा विशेष अतिथि राधा कृष्ण गुप्ता, नीरज पचौरी, कौशलेंद्र सिंह तोमर ,प्रदीप दंडोतिया थे इस अवसर पर सभी को बताया कि पत्रकार सभी को न्याय दिलाने में अग्रणी होते हैं और समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं सभी लोगों को पत्रकारों का सम्मान करना चाहिए क्योंकि वह हमें हम भटके हुए लोगों को राह दिखाते हैं।

# केंद्रीय मंत्री तोमर ने वार्ड प्रत्याशियों के समर्थन में गली-गली किया रोड शो, मांगा समर्थन

**मुरैना।** नगर पालिक निगम मुरैना के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से महापौर पद की प्रत्याशी श्रीमती मीना मुकेश जाटव सहित वार्ड 1 से लेकर 47 तक के सभी प्रत्याशियों के समर्थन में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने पूरे शहर के सभी वार्ड व गली–गली घूमकर रोड शो किया और भाजपा प्रत्याशियों को विकास के लिए जिताने की अपील की।



श्री तोमर का रोड शो छोंदा ए बी रोड से प्रारंभ हुआ और नगर के सभी वार्डों से उनका काफिला गुजरा, जहां प्रत्येक वार्ड में उनका भव्य स्वागत किया गया तो वहीं उन्होंने प्रत्याशियों के समर्थन में वहां की जनता से बोट मांगा और निगम में भाजपा सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है तथा निगम में भाजपा की सरकार बनने से नगर वासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी और नगर का चहुमुखी विकास हो सकेगा। श्री तोमर का काफिला लगभग 11 बजे से आरंभ हुआ और देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह, निगम के चेयरमैन रघुराज सिंह कंसाना, विधायक कमलेश जाटव, निगम के चेयरमैन एदल सिंह कंसाना, निगम के चेयरमैन गिर्राज डण्डोतिया, प्रत्याशी श्रीमती मीना मुकेश जाटव, अभय चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष केदार सिंह यादव, नीरज भदौरिया आदि सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## वार्ड 35 से भाजपा प्रत्याशी गोविंद यादव के समर्थन में केंद्रीय मंत्री ने किया रोड शो



**मुरैना।** नगर निगम मुरैना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 35 से भाजपा प्रत्याशी गोविंद यादव के समर्थन में भारत सरकार में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने रोड शो के दौरान आम जनता से उनके पक्ष में वोट मांगे और कहा कि वार्ड के विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी को विजई बनाएं। गौरतलब है कि शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री ने पूरे शहर के प्रत्येक वार्ड में रोड शो कर सभी पार्षद प्रत्याशियों के लिए आम जनता से वोट मांगे और निगम में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की। वार्ड 35 में पहुंचने पर श्री तोमर का गोविंद यादव और उनके समर्थकों ने उत्साह के साथ फूल मालाओं से स्वागत किया एवं पार्षद प्रत्याशी के वार्ड में रोड शो कर उन्हें जिताने की अपील की।

# शिवराज की नाटक-नौटंकी और झूठ से जनता का पेट भर चुका हैः कमलनाथ

### प्रेस वार्ता में बोले पूर्व मुख्यमंत्राी भाजपा ने घर-घर शराब पहुंचा दी है

मुरैना। नगरीय निकाय चुनाव मुरैना से कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी श्रीमती शारदा राजेंद्र सोलंकी के चुनाव प्रचार एवं रोड शो करने आए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने प्रेस वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की नाटक-नौटंकी और झूठ से जनता का पेट भर चुका है। 18 वर्षों में प्रदेश में कोई स्मार्ट सिटी नहीं बनी एवं बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार बड़ा है तो वहीं घर-घर शराब पहुंचा दी गई है।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि 18 साल से भाजपा प्रदेश की सत्ता में रही और गांव-गांव जोड़कर मुरैना को नगर निगम बना दिया तथा स्मार्ट सिटी बनाने का वादा किया, लेकिन स्मार्ट सिटी नहीं बनी, प्रदेश में कोई भी स्मार्ट सिटी नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सीवर निर्माण की बात करती है, जब वह केंद्र की सत्ता में शहरी विकास मंत्री थे, तब उनके द्वारा सीवरेज के लिए रुपया दिया गया, जो भ्रष्टाचार में चला गया। पूरे प्रदेश की तस्वीर जनता



के सामने हैं, शिवराज सिंह झूठी नाटक-नौटंकी करते हैं, इससे प्रदेश की जनता का पेट नहीं भर सकता है, अब फिर से रोज एक नई झूठ बोलते हैं और घोषणा करते जा रहे है। उन्होंने कहा कि उन्हें मतदाता पर पूरा भरोसा है और वह प्रदेश की तस्वीर अपने सामने रखकर अपना नेतृत्व चुनेंगे। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग परेशान है, युवा बेरोजगारी से परेशान हैं, छोटा व्यापारी परेशान है, किसान परेशान हैं महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं यह सब शिवराज सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि मैं पूछता हूं शिवराज सिंह जी से आप किस कारण वोट मांग रहे हैं। प्रदेश में बेरोजगारी महंगाई और भ्रष्टाचार ने आमजन की कमर तोड़ दी है और घर-घर शराब की दुकान पहुंचा दी हैं। कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश का मतदाता सच्चाई का साथ देगा और चंबल का भविष्य सुरक्षित रखेगा। उन्होंने कहा कि सड़क बनाने, नाला निर्माण करने से विकास नहीं होता है, 10 वर्ष आगे का विजन लेकर योजनाबद्ध तरीके से विकास होगा और यह काम कांग्रेस करेगी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि नगर निगम मैं हमारी महापौर बनेगी तो एक एडवाइजरी समिति बनाई जाएगी, जिसमें पत्रकार, वकील और बुद्धिजीवियों को जोड़ा जाएगा तथा नियम बनाए जाएंगे। समिति तीन चार हफ्ते में मीटिंग करेगी, जिससे पार्षदों एवं महापौर को भी काम करने में सहायता मिलेगी। कमलनाथ ने एक सवाल के जवाब में कहा कि मैं भी सौदा की राजनीति कर सकता था, कुर्सी बचाने के लिए और मैं तो सीएम था, परंतु मुझे यह सौदा मंजूर नहीं था। भाजपा ने सौदे की राजनीति कर हमारी सरकार को पलट दिया, उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि यह सभी के भविष्य का चुनाव है।

# वार्ड 15 से निर्दलीय प्रत्याशी प्रदीप ने निकाली रैली, जनता ने दिया आशीर्वाद

**मुरैना।** नगर निगम मुरैना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 से निर्दलीय प्रत्याशी प्रदीप श्रीवास द्वारा अपने समर्थकों एवं आमजन के साथ वार्ड की प्रत्येक गली में विशाल रैली निकाली और जनता से अपने लिए स्कूटर चुनाव चिन्ह पर वोट मांगे। निर्दलीय प्रत्याशी प्रदीप ने वार्ड की जनता से कहा कि वह आप सभी के सहयोग से वार्ड के विकास के लिए काम करेंगें। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर आमजन से आशीर्वाद लिया। यह रैली राधिका स्कूल स्थित कार्यालय से वार्ड की ट्रंच रोड, वेयर हॉउस के पीछे की गली, आजाद नगर की गली होते हुये फातिमा मस्जिद से होते हुये यादव कॉलोनी से निकलकर शुक्ला कॉलोनी तक पहुंची और उसके बाद कार्यालय पर समाप्त हो गई।




# पूर्व मुख्यमंत्री ने रोड शो कर कांग्रेस महापौर प्रत्याशी शारदा के लिए मांगा समर्थन

### - दो घंटे तक चला कमलनाथ का रोड शो, उमड़ा जनसैलाब

**मुरैना।** शुक्रवार को कांग्रेश महापौर प्रत्याशी श्रीमती शारदा राजेंद्र सोलंकी के चुनाव प्रचार में मुरैना पहुंचे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने रोड शो के दौरान आम जनता से कांग्रेस का महापौर बनाने के लिए जन समर्थन मांगा और रोड शो के दौरान हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन किया। इस दौरान कांग्रेस के प्रत्याशियों ने जगह- जगह कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री का सैकड़ों समर्थकों के साथ भव्य स्वागत किया।



उमस भरी गर्मी में शुक्रवार की सुबह 11 कांग्रेस प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय वासुदेव गार्डन से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का रोड शो आरंभ हुआ, जिसमें कमलनाथ एक खुली जीप में जनता का अभिवादन करते हुए निकले और काफिले में कांग्रेस जन झंडा लहराते हुए चल रहे थे। भीषण गर्मी में पसीने से तरबतर होने के बावजूद पूर्व मुख्यमंत्री का जोश एवं उत्साह देखते ही बन रहा था। यह रोड शो एमएस रोड से होता हुआ पुल तिराहा, हनुमान चौराहा, सदर बाजार, रूई मंडी से महामाया मंदिर रोड, गोपीनाथ की पुलिया, गर्ल्स स्कूल रोड, वेयर हाउस रोड से जीवाजी गंज स्थित अग्रसेन पार्क पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ संपन्न हुआ। रोड शो के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था काफी प्रभावित हुई और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर के यहां गमी में शामिल हुए और फिर भोपाल के लिए रवाना हो गए।

# दिनारा कस्बे में तीसरे चरण में 80 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने डाला वोट

### कस्बे मे निकाय चुनाव में मतदान केंद्रों पर सुबह से अच्छी भीड़ देखने को मिली मतदान केंद्रों पर युवाओं में उत्साह देखने को मिला

**हरिओम चतुर्वेदी पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी।** पंचायत चुनाव के तीसरे चरण का मतदान शुक्रवार को हुआ। जिले के करैरा जनपद पंचायत के दिनारा पंचायत में पंच, सरपंच, जनपद और जिला पंचायत सदस्य के लिए निर्वाचन हुआ। जिसमें युवाओं सहित बुजुर्ग मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक मतदान में हिस्सा लिया।पहली बार मतदान कर खुश हुए युवाः पंचायत निर्वाचन में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में उत्साह और जोश दिखा। लोकतंत्र में मताधिकार सबसे बड़ी जिम्मेदारी मानी जाती है। जीत-हार के लिए एक वोट का महत्व होता है। अपनी मनपसंद उम्मीदवार को चुनने का हक होता है। जिले के करैरा जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत दिनारा में ऐसे कई युवाओं ने मतदान किया जिन्हें पहली बार वोट डालने का अधिकार मिला। मतदान के लिए लाइन में लगने से लेकर मतदान करने तक उनके अंदर गजब का उत्साह देखने को मिला। युवाओ ने कहा कि हमें वोट डालकर अच्छा लगा हमे इंतजार था कि कब मेरे को वोट डालने का अधिकार मिलेगा। वह दिन आ गया। हम बहुत खुश है। कि हमें आज पहली बार वोट डालने का मौका मिला तो अपने मनपसंद उम्मीदवार को वोट दिया। युवा मतदाताओं ने कहा कि मतदान करके मैंने निभाया अपना फर्ज। सुबह 7ः00 बजे से मतदान शुरू हुआ मतदान शुरू होते ही सबसे पहली महिला मतदान घर से बाहर निकली और केंद्र पर पहुंचकर सबसे पहले लोकतंत्र में मतदान रूपी आहुति दी दोपहर में भी महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली 18 साल से लेकर 95 साल तक की उम्र के मतदाता मतदान करने पहुंचे





### ग्राम पुराना दिनारा के तोरमोदी में सुबह 7 बजे से लेकर दिखी मतदाताओं की भीड़

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में मतदान के लिए मतदाताओं ने खूब उत्साह दिखाया। हर उम्र वर्ग के मतदाताओं में प्रतिनिधित्व चुनने की होड़ नजर आई। कहीं बुजुर्ग मतदाताओं को लोग वाहनों पर लेकर आए,तो कहीं दिव्यांगों को व्हीलचेयर में मतदान केंद्र तक पहुंचाया गया। मतदाताओं को केंद्र तक पहुंचाने और मतदान की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए तैनात अमले ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। वहीं मतदाताओं ने भी लंबी कतार में खड़े होकर अपने मताधिकार का प्रयोग प्रतिनिधित्व चुनने में रुचि दिखाई।

लंबी कतारों में खड़े नजर आए मतदाताः सुबह सात बजे से पंचायतों में शुरू हुई मतदान प्रक्रिया में शामिल होने के लिए मतदाता समय से पहले ही पहुंच गए। कुछ लोग दैनिक काम शुरू करने से पहले मतदान करने पहुंचे तो कुछ काम पूरा करके केंद्र गए।क्या युवा और वृद्ध हर उम्र वर्ग के महिला व पुरुष मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक लंबी कतारों में खड़े होकर मतदान किया।

ग्राम पंचायत डामरोन मे सुबह 11 बजे वोटों की फिसली महिला 156 163 पुरुष महिलाओं से ज्यादा मतदान केंद्र पर पुरुषों मैं दिखा उत्साह

ग्राम पंचायत दवरा मे सुबह 10 बजे वोटों की संख्या पुरुष 96 प्रतिशत 71 महिला प्रतिशत

दिनारा मतदान केंद्र पर मतदाताओं की भीड़ देखने को मिली है।

## वार्ड 8 के मतदाताओं से आपके सेवक की विनम्र अपील



मैं अनिल कुशवाह वार्ड 8 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में आपका सेवक बनने के लिए भाग्य आजमा रहा हूँ। मैं पिछले 5 वर्ष नहीं अपितु 15 वर्ष के नगरपालिका के कार्यकाल की बात कर रहा हूं। बेशक चुनाव चिन्ह जीप है तो ये आप समझ सकते है कि किन रास्तों पर जीप बेहतर दौड़ सकती है। अगर वार्ड 8 में जहाँ भी पेरिस की तरह बनी सड़के हो वे बेशक मुझे नजरअंदाज कर सकते हैं। अगर गड्ढों में सड़के तो एक बार मौका दें,विश्वास दिलाता हूं समस्त वार्ड वासियों की कसौटी पर खरा उतरूंगा,अगर सेवा में कमी रही तो 2 साल बाद पद से त्याग पत्र दे दूंगा।

**आपका बेटा**
**अनिल कुशवाह**

## धर्मगुरू दीवान माधवसिंह के सानिध्य में नवनिर्मित बलेपेट सीरवी समाज भवन का हुआ उद्घाटन

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**

**बेंगलूरु** . सीरवी समाज , कर्नाटक ट्रस्ट बलेपेट की ओर से बलेपेट में नवनिर्मित सीरवी समाज भवन के उद्घाटन के चढ़ावे गुरुवार रात्रि सीरवी समाज के धर्मगुरु दीवान माधव सिंह के सान्निध्य में बोले गए । शुभारंभ आईमाता मंदिर में दीप प्रज्व्लन से हुआ । इसके बाद दीवान माधवसिंह , पाली सांसद पी.पी. चौधरी का ट्रस्ट की ओर से अभिनंदन किया गया । दीवान माघव सिंह ने भवन निर्माण पर समाज को बधाई दी । समाज के अध्यक्ष शोभाराम चोयल ने स्वागत किया । भजन संध्या में गणपति वंदना के साथ चढ़ावों का शुभारंभ हुआ । भजन गायक कैलाश पंवार ने आई माताजी के राजस्थानी लोक भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल भक्तिमय बना दिया ।इस अवसर पर चढ़ावों के लाभार्थियों का समाज की ओर से सम्मान किया गया ।उपाध्यक्ष भंवरलाल चोयल ,कोषाध्यक्ष सुजाराम राठौड़,सहसचिव दलाराम देवड़ा, खेलमंत्री हरजीराम आगलेचा, डुगाराम परिहार, कर्नाटका महासभा के अध्यक्ष विरमराम सोलंकी, उपाध्यक्ष फाउलाल परिहारिया, सेवा संघ अध्यक्ष ताराराम गेहलोत, जगदीश गेहलोत,मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री एंव सांसद पाली पी.पी चौधरी, मारवाड जंक्शन के पूर्व विधायक केसाराम काग, जिला परिषद सदस्य पूनाराम भायल सहित बड़ी संख्या में समाज बन्धु मौजूद रहे। मंच का संचालन सचिव नारायणलाल लचेटा ने किया । और सभी समाज बन्धुओ को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई



## शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न होने पर कलेक्टर डा गिरिश कुमार मिश्रा एवं एसपी समीर सौरभ ने आभार व्यक्त किया

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलीं टुडे**

**बालाघाट।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन-2022 के तृतीय चरण में आज 08 जुलाई 2022 को बालाघाट जिले के विकासखंड बालाघाट, लालबर्रा एवं बिरसा के ग्रामों में शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न हो गया है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ ने जिले में प्रथम एवं द्वितीय चरण की तरह ही तीसरे चरण में भी शातिपूर्वक मतदान सम्पन्न होने पर सभी मतदाताओं, मतदान दलों में नियुक्त शासकीय सेवकों, मतदान केन्द्रों में एवं सुरक्षित मतदान कराने के लिए नियुक्त सुरक्षा बल के जवानों तथा निर्विध्न, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न कराने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष भूमिका निभाने वाले सभी शासकीय सेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।



### आयुष मंत्री श्री कावरे ने बघोली में किया मतदान



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

मध्यप्रदेश शासन के आयुष मंत्री श्री रामकिशोर ÷नानो÷ कावरे ने आज 08 जुलाई को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव-2022 के अंतर्गत अपने मताधिकार के कर्तव्य का पालन करते हुए गृह ग्राम बघोली स्थित मतदान केंद्र में मतदान किया। आयुष मंत्री श्री कावरे ने आम मतदाताओं की तरह कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार किया और अपना नंबर आने पर मतदान किया।

## बरेठा टोल प्लाजा से मालनपुर के उद्योगपतियों को हो रही आवागमन में परेशानी के संबंध में मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा आज MD, MPRDC-श्री शशांक मिश्रा से दूरभाष पर की चर्चा

### चीफ इंजीनियर, MPRDC ने सोमवार, 11 जुलाई तक समस्या के समाधान का दिया आश्वासन

**ग्वालियर** । भिण्ड जिले की सीमा के अन्तर्गत आने वाले बरेठा ञ्श्वद्यद्य Plaza के कारण मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में संचालित इकाईयों के उद्योगपतियों को प्रतिदिन आवागमन में हो रही असुविधा के संबंध में आज MPCCI, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने प्रबंध संचालक, म. प्र. रोड डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि., भोपाल-श्री शशांक मिश्रा जी से दूरभाष पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें उद्योगपतियों की कठिनाईयों से अवगत कराते हुए, समस्या के त्वरित समाधान की माँग की । प्रबंध संचालक द्वारा विषय की गंभीरता को समझते हुए तत्काल चीफ इंजीनियर-श्री आशुतोष मिश्रा को बात करने हेतु निर्देशित किया, जिसके पश्चात चीफ इंजीनियर द्वारा मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल से मोबाइल पर बात कर, आश्वासन दिया कि सोमवार, 11 जुलाई तक मालनपुर के उद्योगपतियों की आवागमन संबंधी समस्या का समाधान कर दिया जाएगा ।

MPCCI, अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि मालनपुर से पहले बरेठा टोल प्लाजा पर प्रतिदिन उद्योगपतियों एवं कर्मचारियों सहित श्रमिकों को सुबह एवं शाम 1 से 2 घंटे तक जाम में फंसना पड़ता है, जिससे उद्योगों में उत्पादन कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है । पदाधिकारियों ने कहा है कि राज्य शासन अथवा स्थानीय प्रशासन उद्योगपतियों को यदि बेहतर सुविधा देने में असमर्थ है, तब ऐसी स्थिति में उद्योगपतियों के सम्मुख परेशानी भी खड़ी नहीं करनी चाहिए, परन्तु ऐसा वास्तविकता में है नहीं क्योंकि यदि ऐसा होता, तब अवश?य ही इस टोल प्लाजा को मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र की सीमा के पश?चात? यानि कि गोहद के पास स्थापित किया जाना चाहिए था, परन्तु ऐसा जानबूझकर नहीं किया गया है, क्यों नहीं किया गया ? इसे आसानी से समझा जा सकता है । लगभग 4-5 वर्ष पूर्व एसडीएम, मालनपुर के सानिध्य में एक बैठक मालनपुर में आयोजित हुई थी, जिसमें उद्योगपतियों के साथ-साथ टोल प्लाजा के अधिकारी भी उपस्थित थे । उक्त बैठक में सहमति बनी थी कि मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों व श्रमिकों के वाहनों के आवागमन हेतु पृथक से एक लेन बनाई जाएगी, जिससे वाहन बगैर किसी अवरोध के संचालित हो सकेंगे, परन्तु अत्यन्त ही दुर्भाग्य पूर्ण है कि उक्त व्यवस्था आज दिनांक तक लागू नहीं हुई । प्रशासन यदि उक्त Toll Plaza पर मालनपुर के उद्योगपतियों के लिए पृथक से लेन स्थापित कराने में असमर्थ है, तब इस Toll Plaza को मालनपुर के पश्चात गोहद में स्थापित कराए ।

# बालाघाट, लालबर्रा एवं बिरसा तीनों विकासखंड में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ मतदान

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलीं टुडे**

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज 08 जुलाई 2022 को तृतीय चरण में बालाघाट जिले के तीन विकासखंड बालाघाट, लालबर्रा एवं बिरसा में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए मतदान कराया गया। आज 08 जुलाई को मतदान केन्द्रों पर सुबह 06 बजे से ही मतदाताओं की लंबी कतारें लग गई थी। जिले के तीनों विकासखंड के ग्रामों में मतदान के प्रति मतदाताओं, युवाओं एवं बुजुर्गो में उत्साह देखा गया। विशेषकर महिला महिलाओं में गांव के विकास के लिए अपनी पसंद का उम्मीदवार चुनने की तत्परता दिखाई दी। जिले के तीनों विकासखंडों में मतदान के लिए व्यवस्थित मतदान कराने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की गई थी। सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक एवं पुख्ता इंतजाम किये गये थे। दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को मतदान करने में किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर की व्यवस्था की गई थी। जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न कराने के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर निगरानी रखने के लिए सेक्टर आफिसर के अतिरिक्त अन्य अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई थी।

**बिरसा विकासखंड के दूरस्थ ग्रामों में भी भारी मतदान हुआ:** जिले के बिरसा विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामों में भी ग्रामीणों ने बड़े उत्साह के साथ मतदान किया है। मछुरदा, सोनगुड्डा, डाबरी, पितकोना, सुरंदवाही, रघोली, सालेटकरी, अडोरी, चिलोरा, चौरिया के मतदान केन्द्रों में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के पुरूषों एवं महिलाओं की लंबी कतारें देखी गई।

**लगभग 80 प्रतिशत मतदान होने का अनुमान:** मतदान के लिए निर्धारित समय दोपहर 03 बजे तक जिले के तीन विकासखंड बालाघाट, लालबर्रा एवं बिरसा के ग्रामों में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका था। दोपहर 03 बजे तक बालाघाट में विकासखंड में 65 प्रतिशत, लालबर्रा में 77 प्रतिशत एवं बिरसा में 80 प्रतिशत मतदान हुआ है। जो मतदाता 03 बजे तक मतदान केन्द्र पहुंच गये हैं, उन्हें मतदान करने के लिए पर्ची बांट दी गई है । दोपहर 03 बजे के बाद लालबर्रा विकासखंड के 107 मतदान केन्द्रों पर 7464 पर्चियां वितरित की गई है। जिन लोगों को पर्ची दी गई उन सभी लोगों से मतदान कराया जायेगा। सम्पूर्ण मतदान समाप्त होने के बाद तृतीय चरण के पंचायत निर्वाचन में जिले के तीन विकासखंड में 80 प्रतिशत के लगभग मतदान होने का अनुमान है। जिले के तीनों विकासखंड में शांतिपूर्वक मतदान हुआ है और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना या विवाद की सूचना नहीं है। जिन मतदान केन्द्रों पर मतदान समाप्त हो गया है वहां पर मतगणना प्रारंभ कर दी गई है।



**कलेक्टर ने बालाघाट एवं लालबर्रा विकासखंड के मतदान केन्द्रों में पहुंचकर मतदान का जायजा लिया:** कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने 08 जुलाई को बालाघाट एवं लालबर्रा विकासखंड के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान की स्थिति का जायजा लिया और मतदान दल के सदस्यों से चर्चा की। कलेक्टर डॉ मिश्रा सबसे पहले बालाघाट विकासखंड के ग्राम भटेरा पहुंचे थे। उसके बाद वे ग्राम खैरी, कुम्हारी, धापेवाड़ा, आमगांव, समनापुर, मगरदर्रा तथा लालबर्रा विकासखंड के ग्राम ददिया, खामघाट, मुरझड़, मोहगांव(धपेरा), बेहरई, कनकी एवं गर्रा के मतदान केन्द्र पहुंचे और मतदान की व्यवस्था का जायजा लिया। सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लंबी लाईन लगी मिली। जिन केन्द्रों पर मतदान की गति धीमी थी, वहां के पीठासीन अधिकारियों को मतदान में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को निर्देशित किया कि दोपहर 03 बजने के पहले ही केन्द्र के परिसर में घोषणा कर दें कि जिन लोगों को मतदान करना है वे 03 बजे तक मतदान केन्द्र के परिसर में आ जायें और ऐसे मतदाताओं को अपने हस्ताक्षर वाली पर्चियां बांट दें। उन्होंने सुरक्षा में लगे जवानों को निर्देशित किया कि जिन लोगों ने मतदान कर दिया है, उन्हें मतदान परिसर केन्द्र के परिसर से बाहर करें।

**कुम्हारी के सचिव को निलंबित करने के निर्देश:** कलेक्टर डॉ मिश्रा ग्राम कुम्हारी के हायर स्कूल भवन में बनाये गये तीन मतदान केन्द्रों के निरीक्षण में पहुंचे तो उन्हें वहां पर अव्यवस्था नजर आयी। महिला मतदाताओं को बैठने के लिए सचिव लालजी दमाहे द्वारा उचित व्यवस्था नही की गई थी। मतदाताओं के लिए पीने के पानी का भी इंतजाम नहीं किया गया था। मतदान केन्द्र में सुरक्षा के लिए तैनात जवान ने बताया कि सचिव को रात में भी बताया गया कि पानी का इंतजाम करा दें। लेकिन सचिव द्वारा सुबह तक मतदान केन्द्र में पानी का इंतजाम नहीं किया गया था। कलेक्टर डॉ मिश्रा ने इस लापरवाही पर ग्राम पंचायत कुम्हारी के सचिव लालजी दमाहे को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिये।

**संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर सीसीटीव्ही कैमरे से रखी गई निगरानी:** लालबर्रा विकासखंड के अंतर्गत संवेदनशील मतदान केन्द्र के रूप में चिन्हित ग्राम गर्रा, कनकी, बेहरई, रानीकुठार, चंद्पुरी के मतदान केन्द्रों पर सीसीटीव्ही कैमरे लगाकर निगरानी रखी गई।

**आमगांव के मतदान अधिकारी क्रमांक-03 को अस्पताल में भर्ती कराया गया:** बालाघाट विकासखंड के अंतर्गत ग्राम आमगांव के मतदान दल के सदस्य मतदान अधिकारी क्रमांक-03 महेश मेहरबान का सुबह स्वास्थ्य खराब होने पर अपर कलेक्टर श्री शिवगोविंद मरकाम ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर महेश मेहरबान को जिला चिकित्सालय बालाघाट में उपचार के लिए लेकर आये और उसे भर्ती कराया गया। महेश मेहरबान का ब्लड प्रेशर कम होने के कारण उसे चक्कर आ गया था। उपचार के बाद उसकी स्थिति ठीक है। आमगांव के मतदान दल में रिजर्व से एक कर्मचारी देकर मतदान की व्यवस्था बनाई गई। कलेक्टर डॉ मिश्रा ने बालाघाट एवं लालबर्रा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का भ्रमण करने के साथ ही तीनों विकासखंड के निर्वाचन पर व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पैनी नजर बनाये रखी और जहां कहीं पर भी कमियां एवं समस्या नजर आयी उसे दूर करने के लिए अधिकारियों को सतत निर्देश देते रहे। निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया के दौरान वे अधिकारियों से सम्पर्क बनाये रहे । प्रथम एवं द्वितीय चरण के मतदान की तरह ही तीसरे चरण में भी जिले के ग्रामीण मतदाताओं ने मतदान के प्रति जागरूकता एवं उत्साह दिखाया है। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाताओं को प्रोत्साहित किया गया था कि गांव के विकास के लिए वे सारे काम छोड़कर सबसे पहले अपनी पसंद के उम्मीदवार के लिए मतदान करने अवश्य जायें। सभी विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया। जिसके फलस्वरूप तीसरे चरण में भी जिले में 80 प्रतिशत के लगभग मतदान होने का अनुमान है। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, जिला पंचायत के सीईओ श्री विवेक कुमार एवं बालाघाट एसडीएम श्री संदीप सिंह अन्य अधिकारियों के साथ 07 जुलाई की रात्री में ग्राम नैतरा के मतदान केन्द्र पहुंचे और उन्होंने मतदान के साथ मतदान केन्द्र में ही भोजन किया।

# निर्भया कांड के कारण छत्तीसगढ़ में व्यापक जन आक्रोश है: श्रीमती दिप्ती रावत भारद्वाज






### जांजगीर के निर्भया कांड के विरोध में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने प्रतिकार रैली का किया आयोजन

### अब अपराधियों का नया ठिकाना ही छत्तीसगढ़ हो गया है: विधायक चंदेल

### कांग्रेस की सरकार अपराधियों के सामने नतमस्तकः शालिनी राजपूत

**छत्तीसगढ़।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जांजगीर जिले की अकलतरा क्षेत्र में हुए निर्भया कांड के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप इस घटना के आरोपी को तत्काल फांसी की सजा देने की मांग की। जांजगीर के कचहरी चौक में आयोजित धरने को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी दिल्ली की चिंता है उन्हें प्रदेश की महिलाओं की चिंता नहीं है जिस कदर प्रदेश में अपराध बढ़ा है प्रदेश के गृह मंत्री का तो पता ही नहीं है कि वह महिला सुरक्षा के लिए क्या कर रहे है। प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई है और हर तरफ अनाचार के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश शांति का टापू कहलाने वाला प्रदेश था जिसे प्रदेश की कांग्रेस की सरकार ने एक अशांत प्रदेश एवं अपराधियों का नया ठिकाना बना दिया है। महिला सुरक्षा के नाम पर तो प्रदेश की कांग्रेस सरकार केवल दिखावा ही कर रही है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व वरिष्ठ विधायक नारायण चंदेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस की सरकार आई है तब से प्रदेश में लगातार अपराध का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है अपराधियों के ऊपर कोई अंकुश नही है। अपने आप को महिला हितैषी कहने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार महिला सुरक्षा के मामले में पूरी तरह विफल एवं नकारा साबित हुई है। प्रदेश में हर तरफ महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व दुराचार की घटनाएं घटित हो रही है। कांग्रेस सरकार व पुलिस प्रशासन अपनी असंवेदनशीलता का परिचय देते हुए मौनी बाबा बन कर बैठे हुए है। प्रदेश में लगातार बढ़ रहे अपराध के मामले को हम विधानसभा के सदन में भी उठाएंगे। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी व पूर्व मंत्री लता उसेंडी ने कहा कि जांजगीर के इस निर्भया कांड की जितनी निंदा की जाए वह कम है। इस हृदयविदारक घटना ने हम सबको विचलित कर दिया है। कांग्रेस की सरकार को जरा भी महिलाओं की चिंता होती तो प्रदेश में अनाचार के मामले इस कदर नहीं बढ़ते। पुलिस का भय कहीं भी नहीं दिखता है। पूरे प्रदेश में पुलिस टेंडर पर चल रही है।

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने जांजगीर की अकलतरा क्षेत्र की घटना को हृदय विदारक बताते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार प्रदेश में महिलाओं के साथ बढ़ते अपराध को रोकने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार और प्रदेश की कानून व्यवस्था अपराधियों के सामने नतमस्तक हैं। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी व कांग्रेस की नेत्री प्रियंका गांधी वाड्रा को छत्तीसगढ़ में महिलाओं के साथ लगातार बढ़ते अपराध को देखने के लिए छत्तीसगढ़ आने की बात कही। दूसरे प्रदेश में घटना पर मुआवजा की घोषणा करने वाले घोषणावीर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को इस घटना पर पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा की घोषणा करनी चाहिए। जांजगीर भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने कहा कि जांजगीर जिले के घटना के कारण पूरे प्रदेश व देश में बेहद आक्रोश है। कांग्रेस की सरकार प्रदेश वासियों की जरा भी चिंता नहीं है। इस सरकार में तो केवल अपनो के बीच का संघर्ष ही चर्चा में रहा है। इन्हें आम लोगों की सुरक्षा को लेकर कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया है जिस कारण निर्भया जैसी घटना हुई है। पूरे जिले में अवैध नशे का कारोबार पुलिस के संरक्षण में फल-फूल रहा है। अकलतरा विधायक सौरभ सिंह ने कहा कि कांग्रेस महिलाओं को केवल अपना वोट बैंक का मानती है। प्रदेश के हर वर्ग से झूठ बोलकर सत्ता पाने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार महिला सुरक्षा के नाम पर हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू मानों एक कठपुतली बन गए हैं जो केवल और केवल भूपेश बघेल के इशारों पर ही अपने मंत्रालय को चला रहे हैं। वह देश के एक मात्र ऐसे गृह मंत्री है जो मौनी बाबा के रूप में जाने जाते है। धमतरी विधायक श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता पाने की चाह में कितने वादे किए थे उसे पूरा करने में असफल है। उसमें एक महत्वपूर्ण वादा पूर्ण शराबबंदी का भी रहा है। लेकिन इस सरकार ने शराबबंदी करने के बजाय शराब के अवैध बिक्री को प्रोत्साहित किया है जिसके कारण प्रदेश में अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। यही कारण है कि इस निर्भयाकांड जैसी घटना प्रदेश में हो जाती है और प्रदेश की कांग्रेस सरकार मौन है। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रजनी साहू ने कहा कि जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नही मिलता हमारा आंदोलन जारी रहेगा। हम पीड़िता के न्याय के लिए हर मोर्चे पर मजबूती से जूटे रहेंगे। इस दौरान धरना प्रदर्शन में सांसद गुहाराम आजगले, महिला मोर्चा प्रदेश सह प्रभारी उषा टावरी, राष्ट्रीय किसान मोर्चा मंत्री पिंकी ध्रुव, जिला महामंत्री कन्हैया गोयल, पुरुषोत्तम शर्मा, उपाध्यक्ष उषा ठाकुर, प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी, उपाध्यक्ष ममता साहू, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. किरण बघेल, कार्यालय मंत्री कल्याणी साहू, वैशाली रत्ना पारीक, जयश्री चौकसे सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी, कार्यकर्ता व पार्टीजन बड़ी संख्या में मौजूद थी।




## गृहमंत्री ने विवादित ट्वीट को लेकर सीईओ को लिखा पत्र



**भोपाल।** प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने ट्विटर पर आ रहे धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले और विवादित ट्वीट को लेकर कंपनी के सीइओ पराग अग्रवाल को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के द्वारा ट्विटर का उपयोग धार्मिक भावनाएं को आहत करने और सामाजिक समरसता बिगाड़ने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की ट्वीट होने से पहले उनका पहले परीक्षण किया जाए और उन्हें ट्विटर पर आने से रोका जाए। इसी तरह ऐसे ट्वीट करने वाले अकाउंट को भी प्रतिबंधित किया जाए।

## टीआई सुसाइड केस में इकलौते चश्मदीद की मौत

**इंदौर।** टीआई सुसाइड मामले में चश्मदीद और एएसआई रंजना खांडे के भाई कमलेश खांडे की गुरुवार रात मौत हो गई। उसे आग से झुलसने के बाद गंभीर हालत में इंदौर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कमलेश घटना का एकमात्र चश्मदीद था। वह धामनोद में झुलस गया था। टीआई सुसाइड केस में कमलेश खांडे एक मात्र चश्मदीद था। घटना वाले दिन वो अपनी बहन और ASI रंजना खांडे के साथ मौजूद था। उस दिन टीआई ने रंजना खांडे पर गोली चलाकर खुद को गोली मार ली थी। इस घटना में टीआई हाकम सिंह की मौत हो गई थी, जबकि ASI रंजना खांडे घायल हो गई थी। उस दौरान पुलिस ने कमलेश को पूछताछ के बाद छोड़ दिया था। मंगलवार देर रात धामनोद के संजय नगर में कमलेश संदिग्ध हालात में आग से झुलस गया था। उसे गंभीर अवस्था में उसे इंदौर रेफर किया गया था।



## नरेन्द्र सलूजा फिर बने PCC चीफ के मीडिया को-ऑर्डिनेटर

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग में एक बार फिर सलूजा की वापसी हुई है। कांग्रेस के संगठन प्रभारी चंद्रप्रभाष शेखर ने कमलनाथ की सहमति के बाद सलूजा को मीडिया विभाग का उपाध्यक्ष बनाया है। मीडिया विभाग के अधीन रहकर पीसीसी चीफ के मीडिया कॉर्डिनेटर का काम संभालेंगे। जीतू पटवारी के बाद केके मिश्रा को अध्यक्ष बनाया गया था। इसके बाद कमलनाथ के मीडिया समन्वयक नरेन्द्र सलूजा नाराज चल रहे थे। केके मिश्रा की टीम में सलूजा को उपाध्यक्ष बनाया गया था, लेकिन उन्होंने इस्तीफा दे दिया था।

## उज्जैन जेल अधीक्षक ने कर्मचारियों पर लगाया हत्या की साजिश का आरोप

**उज्जैन।** एक ट्रैक्टर जेल अधीक्षक ऊषा राज के बंगले की दीवार तोड़कर घुस गया। घटना गुरुवार दोपहर की है। जेल अधीक्षक ऊषा राज ने हत्या की साजिश का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मैं अच्छा काम कर रही हूं, इसलिए जेल के कर्मचारी हत्या की साजिश रच रहे हैं।

## कॉलेज से घर जाने के लिए बस का कर रही थीं इंतजार, वाहन ने कुचला

**बालाघाट।** अज्ञात वाहन की टक्कर से दो छात्राओं की मौत हो गई। घटना गुरुवार दोपहर की है। छात्राएं घर से कॉलेज के लिए निकली थीं। कॉलेज के बाद घर जाने के लिए सड़क किनारे बस का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान चार छात्राओं को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दो छात्राओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य दो छात्राएं घायल हो गई हैं। छात्राएं बालाघाट-वारासिवनी मार्ग पर ग्रेसियस नर्सिंग कॉलेज में बीएससी फर्स्ट ईयर में पढ़ाई करती हैं। छात्राएं निशा ठाकरे, साक्षी धामड़े, प्रिया पंचेश्वर और मनीषा राहंगडाले कॉलेज से छूटने के बाद यात्री प्रतीक्षालय पहुंचकर घर जाने के लिए बस का इंतजार करने लगीं। इसी दौरान चार पहिया वाहन चालक ने कुचल दिया।

## नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पत्नी आलिया के खिलाफ उज्जैन में शिकायत

**उज्जैन।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पत्नी आलिया सिद्दीकी के खिलाफ उज्जैन के क्रिएटिव प्रोड्यूसर ने 31 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में बड़नगर पुलिस थाने में शिकायत की है। पूरा मामला बड़नगर में हुई होली काउ फिल्म शूटिंग से जुड़ा हुआ है। उज्जैन में ऋषि नगर के रहने वाले रुद्राक्ष फिल्म और मल्टी मीडिया के प्रॉपराइटर सुनील गढ़वाल ने बताया कि मुंबई निवासी बहन मंजू गढ़वाल के जरिए से आलिया से मुलाकात हुई थी। उन्होंने फिल्म बनाने की प्लानिंग बताई। हमारी बात आगे बढ़ी और 2019 में फरवरी और मार्च के बीच बड़नगर में फिल्म की शूटिंग शुरू की गई। 20 दिन तक फिल्म की शूटिंग चलने के बाद 53 लाख रुपए खर्च होने के बाद जब आलिया से राशि लौटाने की मांग की गई तो उन्होंने 22

## नगरीय निकाय चुनाव में सरकार ने किया प्रशासन का दुरुपयोग: दिग्गी

**भोपाल/नई दिल्ली।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर शासन और प्रशासन के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि नगरीय निकाय चुनाव के मतदान से एक रात पहले कांग्रेस उम्मीदवारों को पुलिस उठाकर ले गई, झूठे मुकदमे दर्ज किए गए और शराब पैसा भी बांटा गया. इसके बाद भी नगरीय चुनाव में हवा कांग्रेस के पक्ष में चल रही है और जीत भी कांग्रेस की होगी. सिंह ने आगे कहा कि कांग्रेस के लोगों ने शराब की गाड़ी को पकड़ा मगर फिर भी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया. उन्होंने बताया कि कांग्रेस के वार्ड 76 के प्रत्याशी की गाड़ी पकड़ी और शराब रखकर केस दर्ज कर दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि इसी तरह से एक मंत्री मतदान केंद्र में गए और कांग्रेस एजेंट से मतदाता सूची और पर्चियां लेकर भागा दिया. करीब चार मतदान केंद्रों पर ऐसा ही किया गया है. उन्होंने कहा कि पुलिस के टीआई तीन दिन पहले थाने में तैनात होते हैं और षड्यंत्र के तहत कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ केस दर्ज कर देते हैं. सिंह ने बताया कि इंदौर में विधायक के बेटे ने पोलिंग एजेंट को मतदान केंद्र से पीट कर भागा दिया. यह बीजेपी के लोकतंत्र का



तरीका है. उन्होंने आरोप लगाया कि वोटर लिस्ट से भी मतदाताओं के 200 से 300 नाम काट दिए गए।

### सिंह ने कही ये बड़ी बात

एमपी के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कहा कि एक परिवार के लोगों के बूथ ही अलग-अलग कर दिए गए. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने शासन और प्रशासन का दुरुपयोग किया है. असल में वो मुख्यमंत्री तो हैं, मगर शासन चला रहे हैं अधिकारी. सीएम शिवराज सिंह को रोज का कार्यक्रम देकर भाषण पढ़ने को दे दिया जाता है. स्थिति यह हो गई है कि सरकारी कर्मचारी ही राजनीतिक कार्यकर्ता बन गए हैं. दिग्विजय ने दावा किया कि पहले चरण के मतदान के बाद साफ हो गया कि माहौल कांग्रेस के पक्ष में हैं और नाराजगी भाजपा के प्रति है. बीजेपी के प्रति नाराजगी वोट में तब्दील होगी. अधिकांश जगह मतदान हो गया है, माहौल कांग्रेस के पक्ष में है।

# फसल बीमा के लिये बैंकों को निर्देश जारी

### फसल में परिवर्तन की सूचना 29 जुलाई तक दें बैंकों को

**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में वर्ष 2022-23 में खरीफ और रबी के लिये किसानों की अधिसूचित फसलों का बीमा कराने क्लस्टरवार निर्धारित बीमा कम्पनियों को कार्यादेश जारी कर दिये गये हैं। किसानों द्वारा बोई गई फसल में परिवर्तन पर संबंधित बैंकों को 29 जुलाई तक अवगत कराना जरूरी है। किसानों की अधिसूचित फसलों का बीमा करने के लिये बैंकों द्वारा प्रीमियम नामे किये जाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों को बीमांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2022 से दो दिन पहले 29 जुलाई तक संबंधित बैंक से सम्पर्क कर बोई गई वास्तविक फसल की जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगी।

### एनसीआईपी पर भू-अभिलेख एकीकरण का कार्य जारी

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ-2022 के लिये प्रदेश में नेशनल क्रॉप इंश्योरेंस पोर्टल (एनसीआईपी) पर भू-अभिलेख के एकीकरण का कार्य किया जा रहा है। पंजीयन के समय कृषक की भूमिधारिता संबंधी जानकारी भू-अभिलेख के आधार पर पोर्टल में ड्रॉप-डाउन पर उपलब्ध हो सकेगी। बीमाकर्ता (बैंकर्स, कॉमन सर्विस सेंटर और स्वयं कृषक) संगत खसरा नम्बर का चयन कर धारित भूमि का बीमा कर सकेगा।

### बीमा पॉलिसी के लिये एनसीआईपी पर जानकारी दर्ज होना जरूरी

किसानों को समय पर सही पॉलिसी जारी करने के लिये नेशनल क्रॉप इंश्योरेस पोर्टल (एनसीआई) पर जानकारी दर्ज होना जरूरी है। बैंकों को निर्देश दिये गये हैं कि किसानों के बीमा पंजीयन के दौरान खसरा नम्बर तथा बीमित भूमि के क्षेत्रफल की सही-सही जानकारी पोर्टल पर दर्ज करें।



*भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के समक्ष कांग्रेसियों ने रसोई गैस के बढ़े हुए दामों को लेकर प्रदर्शन किया।*

## अब कांग्रेस वार्ड मुक्त होगी: मुरलीधर राव

**भोपाल।** नगरीय निकाय चुनाव के बीच मध्य प्रदेश बीजेपी प्रभारी मुरलीधर राव ने कहा है कि अब कांग्रेस वार्ड मुक्त होगी. उन्होंने एआईएमआईएम के अध्यक्ष ओवैसी और दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के चुनाव प्रचार पर निशाना साधा. नगरीय निकाय चुनाव का प्रचार थमने के बाद प्रदेश बीजेपी प्रभारी मुरलीधर राव ने कहा कि हमारी विस्तार योजना के जरिये बूथ कमेटी बनाई गई. इस कमेटी के जरिए हितग्राहियों से संपर्क किया गया था. इससे बीजेपी का विशाल कैडर खड़ा हुआ. इस चुनाव में पार्टी ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी. 6500 वार्डो में से अधिकांश वार्ड कांग्रेस मुक्त हो जाएंगे।

राव ने कहा कि कांग्रेस नेगेटिव एजेंडा के साथ काम करती है. वह विपक्ष की भूमिका भी नहीं निभा पा रही. इसके लोग देश



विरोधी गतिविधियों के साथ खड़े हो जाते हैं. जबकि, हमने बहुत मेहनत की है. मुरलीधर राव ने असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम पर बड़े सवाल खड़े किए. उन्होंने कहा कि ओवैसी की पार्टी के जनक कासिम रजवी ने रजाकार सेना को खड़ा किया और उसके बाद हैदराबाद रियासत को पाकिस्तान में विलय करने का सपना देखा था। रजाकार सेना ने हिंदुओं पर अत्याचार करने के लिए इस पार्टी को बनाया था. इस विरासत की पार्टी की राजनीति करने वाले ओवैसी जहां जाते हैं।

**रतलाम जिले में सामाजिक-धार्मिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश**

# गूगल मैप पर मंदिर को बताया मस्जिद, गांव वालों ने किया जमकर हंगामा

**रतलाम।** रतलाम जिले में हाल ही में सामाजिक-धार्मिक सद्भावना बिगाड़ने की कोशिश की गई. आरोप है कि जिले के नामली थाना इलाके के भदवासा गांव में एक युवक ने गूगल मैप पर छेड़छाड़ की और मंदिर को मस्जिद बताया। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई. कुछ ग्रामीण इसकी शिकायत करने नामली थाने भी पहुंच गए। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

इस कार्रवाई के बाद गूगल मैप पर मंदिर का नाम फिर से ठीक कर दिया गया. पुलिस का कहना है कि वह आगे की कार्रवाई कर रही है। बताया जाता है कि




आरोपी युवक ने गांव भदवासा के अंबे माता मंदिर को गूगल मैप पर कहकशां मस्जिद लिख दिया. थोड़ी देर बाद कोई इस हरकत के स्क्रीनी शॉट शेयर करने लगा। गूगल मैप का ये बदलाव जैसे ही गांववालों ने देखा तो हंगाना खड़ा कर दिया. बड़ी संख्या में ग्रामीण नामली थाने पहुंच गए और पुलिस से शिकायत दर्ज करने की मांग करने लगे।

लोगों ने पुलिस से इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की. पुलिस का कहना है कि वह इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है. पुलिस ने इस मामले में लोगों से पूछताछ शुरू की तो पता चला कि किसी ने गूगल मैप पर मस्जिद का नाम एडिट कर फिर मंदिर कर दिया।

### पुलिस ने कही ये बात

रतलाम एएसपी सुनील पाटीदार ने कहा कि हमें शिकायत मिली है कि किसी दूसरे धर्म के व्यक्ति ने गूगल मैप पर मंदिर का नाम बदल दिया है. हमने इस मामले में सेक्शन 295-ए के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है. आरोपी को पकड़ा जा चुका है. आगे की कार्रवाई जारी है. गौरतलब है कि गूगल मैप पर किसी स्थान का नामकरण करने का विकल्प मौजूद होता है। उसका उपयोग कर लोग अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान, गांव के नाम और लोकेशन का नाम लिखते हैं. लेकिन, रतलाम में धार्मिक स्थान का ही नाम बदल दिया गया।

# सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर प्रतिबंध के लिये निगम ने की छापामार कार्यवाही





सिंगल यूज़ प्लास्टिक जप्त कर 7500 रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। साथ में एसआई श्री महेश श्री सेवाराम खरे, श्री विकेश वागडे और वार्ड क्रमांक 35,37,40,41,42,43,49 डब्ल्यूएचओ उपस्थित रहे। साथ ही वार्ड 18 में सिंगल यूज पॉलीथिन जप्ती की कार्यवाही की गई।

ग्वालियर विधानसभा अंतर्गत जॉन क्रमांक 1 बहोड़ापुर चौराहे पर 100 माइक्रोन से कम पॉलीथिन जप्ती एवं गंदगी फैलाने वाले पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई में लगभग 3 किलो पॉलिथीन जप्ती की गई एवं 6600 रुपए का अर्थदंड वसूला गया। कार्यवाही में स्वास्थ्य अधिकारी श्री कृष्ण शर्मा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी क्लस्टर क्रमांक 1 श्री अजय सिंह ठाकुर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी क्लस्टर क्रमांक 2 श्री शरण कुमार, एसआई जॉन क्रमांक 1 श्री अनिल धोलकर, एसआई जोन क्रमांक 4 श्री रवि करोसिया, एसआई जोन क्रमांक 7 श्री राजकुमार चौहान, डब्ल्यूएचओ 1 श्री अनूप पारचे, डब्ल्यूएचओ 4 श्री विनोद खरे, डब्ल्यूएचओ वार्ड क्रमांक 33 श्री रवि गोहर उपस्थित रहे।

सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधि है जिसमें प्लास्टिक स्टिफ वाले ईयर वड, बैलून में उपयोग होने वाले प्लस्टिक स्टिक, प्लास्टिक झण्डे, कैण्डी स्टिक, आईस्क्रीम स्टिक, सजावट में उपयोग होने वाले थर्माकोल, प्लेट्स, कप, गिलास, फार्क, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, ट्रे, स्वीट्स बाक्स, निमंत्रण पत्र, सिगरेट पैकिट की कवर करने वाली पैकिंग फिल्म, प्लास्टिक स्टीकर्स एवं 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक व पी.वी.सी. के बैनर।

## अनेक स्थानों से जप्त की सिंगल यूज प्लास्टिक, लगाया जुर्माना

ग्वालियर। सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन, भण्डारण, परिवहन, क्रय-विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध होने पर निर्माता, स्टॉकिस्ट, रिटेलर तथा विक्रेताओं पर निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार नगर निगम सीमा क्षेत्र में छापामार कार्यवाही की गई।

निगमायुक्त श्री कन्याल के निर्देशानुसार सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को लेकर शहर के प्रमुख बाजारों, दुकानों एवं ठेले वालों पर छापामार कार्यवाही की गई। जिसमें वार्ड क्रमांक 38 एवं 39 लक्ष्मी गंज सब्जी मंडी में बड़ी कार्रवाई करते हुए दुकानों से लगभग 15 किलो पॉलिथीन जप्त की। यह कार्यवाही स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म पमनानी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री अशोक खरे साथ में क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 17 एसआई एवं वार्ड 38 ,39के डब्ल्यू एच ओ के नेतृत्व में की गई। इसके साथ ही बहोड़ापुर क्षेत्र में सिंगल यूज़ पॉलिथीन पर कार्यवाही करते हुए पॉलीथिन जब्ती एवं जुर्माने की बड़ी कार्रवाई करते हुए, मां वैष्णो मिष्ठान भंडार पर 1500 जुर्माना किया गया।

इसके साथ ही चावड़ी बाजार में दबिश देकर भारी मात्रा में सिंगल यूज़ पॉलीथिन जप्ती की कार्यवाही की गई। वार्ड क्रमांक 51 में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री विक्रम सिंह तोमर ने पॉलिथीन जब्ती की कार्रवाई कर 2000 रूपये का जुर्माना किया गया। वार्ड क्रमांक 48 में जॉन क्रमांक 20 में 3 किलो पॉलीथिन जप्त कर 1000 रूपये का जुर्माना किया गया। जॉन क्रमांक 20 में कुल 3000 रूपये का जुर्माना किया गया। इसके साथ ही वार्ड 55 गुड़ी गुड़ा का नाका पॉलिथीन की कार्रवाई गतिशील की गई।

साथ ही सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री अशोक खरे ने वार्ड क्रमांक 41 चावड़ी बाजार लश्कर में मैं वरुण इंटरप्राइजेज और श्री यमुना इंटरप्राइजेज से 59 किलो

## निगमायुक्त ने किया एमिटी यूनिवर्सिटी के बॉटनिकल पार्क का अवलोकन एवं रोपे पौधे



ग्वालियर। निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने एमेटी यूनिवर्सिटी पहुंच कर यूनिवर्सिटी के बॉटनिकल पार्क का अवलोकन किया तथा पौधारोपण कर औषधीय पौधे रोपे। इस अवसर पर निगमायुक्त श्री कन्याल ने यूनिवर्सिटी के कुलपति से चर्चा की चर्चा के दौरान उपायुक्त श्री ए पी एस भदोरिया एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

## सांसद शेजवलकर के प्रयासों से पी.एम. आवास में ग्वालियर जिले को मिला शत प्रतिशत लक्ष्य

### सांसद शेजवलकर ने जताया केन्द्र सरकार का आभार 13652 आवास स्वीकृत

### सांसद शेजवलकर ने संसद के पटल पर रखी थी मांग



ग्वालियर। सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (आवास प्लस) के अंतर्गत ग्वालियर जिले के शेष हितग्राहियों के लिए शत प्रतिशत आवास का लक्ष्य आवंटन करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय के प्रति आभार व्यक्त किया है। सांसद श्री विवेक शेजवलकर ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत केन्द्रीय बजट में प्रावधान की गई राशि में से मध्य प्रदेश व संसदीय क्षेत्र ग्वालियर के ग्रामीण अंचल में अधिकाधिक आवासों का लक्ष्य एवं राशि प्रदान करने का अनुरोध किया था।

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने पत्र के माध्यम से श्री शेजवलकर को अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की योजना के तहत मध्य प्रदेश राज्य को वर्तमान समय तक 37,89,800 घरों का लक्ष्य आवंटित हुआ है, जिसमें ग्वालियर जिले के शेष 13,652 पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ देने हेतु यह लक्ष्य दिया गया है।

सांसद श्री शेजवलकर ने आभार पत्र लिखकर ग्वालियर जिले के शतप्रतिशत हितग्राहियों के लिए आवास का लक्ष्य दिये जाने पर ग्रामीण विकास मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुये भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा की है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (आवास प्लस) के अंतर्गत ग्वालियर जिले में ग्रामीण सर्वे अनुसार कुल 13,820 पात्र हितग्राही पाये गये है जिनके लिये 13,652 आवासों का लक्ष्य आवंटन करने से शत प्रतिशत ग्वालियर जिले के ग्रामीण अंचल के पात्र हितग्राही लाभान्वित हो सकेंगे।

## करोडों खर्च हो गए लेकिन लीकेज से नहीं मिला छुटकारा

**ग्वालियर।** करोडों रुपए खर्च कर कोलार पाइप लाइन बदलने के बावजूद भी इसमें होने वाले लीकेज से छुटकारा नहीं मिल पाया है। आए दिन पाइप लाइन में लीकेज हो जाता है और पानी बर्बादी होती है। साथ ही लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पडता है। इस समस्या से छुटकारा पाने शासन ने अमृत योजना के तहत 136 करोड़ रुपये खर्च कर लोहे की पाइप लाइन बदली गई है। लेकिन गुणवत्तापूर्ण काम नहीं होने से लोगों को पाइप लाइन के लीकेज से निजात नहीं मिल रहा है। आए दिन पाइप लाइन में लीकेज की वजह से लाखों गैलन पानी की बर्बादी हो रही है। लेकिन इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।बतादें कि कोलार जलप्रदाय योजना के तहत 20 किलोमीटर की नई ग्रेविटी और 60 किलोमीटर फीडर पाइप लाइन बिछाने का काम टाटा कंपनी को दिया गया था। लेकिन कुशल कर्मचारियों की कमी और अधिकारियों की लापरवाही से गुणवत्तापूर्ण काम नहीं हुआ। नतीजन बीते दो महीने शुरु हुई पाइप लाइन में आधा दर्जन बार पाइप लाइन में बड़े लीकेज हो चुके हैं। इसकी वजह से जलप्रदाय भी कई दिनों तक प्रभावित रहा है। इस आश्रित दस लाख से अधिक आबादी को पानी के लिए परेशान होना पड़ा है। पाइप लाइन में लीकेज की वजह से लोगों के घरों में आने वाले नलजल कम दबाव से आता है। इससे रहवासियों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है।राजधानी में पानी की पाइप लाइन के साथ सीवेज, रसोई गैस और बिजली की अंडर ग्राउंड केबल करने का काम किया जा रहा है।

## अपर आयुक्त ने किया जमुना बाग नर्सरी का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशनुसार अपर आयुक्त श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर ने वर्कशॉप प्रभारी श्री शैलेन्द्र सक्सेना, नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल के साथ जमुना बाग नर्सरी एवं मेला ग्राउंड स्थित कचरा डंपिंग स्टेशन का औचक निरीक्षण किया तथा कमियां मिलने पर डंपिंग स्टेशन प्रभारी को जल्द की कमियां दूर करने के निर्देश दिए।



अपर आयुक्त श्री गुर्जर द्वारा जमुना बाग नर्सरी में निरीक्षण के दौरान,वृक्षारोपण अंतर्गत कर्मचारियों की तैनाती विषयक के मद्देनजर जनरल उपस्थिति समक्ष में लिए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः समस्त विधानसभावार पार्क पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि अपने अपने अधीनस्थ समस्त नियमित, विनियमित, आउटसोर्स शासकीय सेवकों (चौकीदार छोड़कर) सहित वृक्षारोपण की जानकारी लेकर दिनांक 13/07/2022 को आवश्यक रूप से जमुनाबाग नर्सरी में प्रातः 8:00 बजे उपस्थित रहे। किसी भी कर्मचारी की अनुपस्थिति की दशा में आप व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदार होंगे।

## मुनिश्री ने मंत्रो के साथ भगवान जिनेंद्र का अभिषेक कराया

### अपने गुणों के साथ गलतियों की पहचान और एहसास हो वही ज्ञानी: मुनिश्री विनय सागर

### मुनिश्री के चातुर्मास के लिए 11 जुलाई को मंगल प्रवेश शोभायात्रा निकलेगी



ग्वालियर-ः दोष और गुणों की पहचान ही सत्पुरुषों की संगति का फल है। जो व्यक्ति अपने दोष और गुणों की पहचान कर ले वही तो ज्ञानी है। मनुष्य ना चाहते हुए भी बार-बार अनंत पाप कर देता है। फिर भी गिरना उतना बुरा नहीं है जितना रुक जाना। गिरने वाला तो एक बार फिर मेहनत करके उठ खड़ा हो जाएगा और लक्ष्य की ओर चल पड़ेगा परंतु जो रुक गया है उसका तो विकास ही अवरुद्ध हो जाता है। उक्ताशय के उद्गार श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने आज शुक्रवार को नई सड़क जौहरी कॉलोनी धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

मुनिश्री ने कहा कि जैसे वैद्य मंत्र शक्ति से विष का विमोचन करता है वैसे ही अपने पापों की आलोचना स्वीकार भाव और गुरु के सम्मुख सरलता से कह देने की भावना मात्र भी हमारे अंदर से अपराध बोध को समाप्त कर देती है। संयोग और वियोग, जन्म और मृत्यु दोनों में ही आकुलता होती है। एक में जन्म की खुशी होती है तथा दूसरे में मृत्यु का गम। दोनों में आकुलता होकर धर्म ध्यान छूट जाता है। दुःख और सुख दोनों में ही आंसू आते हैं।

मुनिश्री के सानिध्य में भगवान जिनेंद्र के अभिषेक किए

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम ने बताया कि मुनिश्री विनय सागर महाराज आज शुक्रवार को चंपाबाग जैन मंदिर में जैन समाज के लोग के साथ सुबह 7 बजे दर्शन करने के लिए पहुंचे। मुनिश्री ने मंत्र उच्चारण कर जैन समाज के लोगो ने भगवान जिनेंद्र का अभिषेक जयकारों के साथ किया। वही भगवान जिनेंद्र की मंत्रो से शांतिधार कराई।

### मुनिश्री विनय सागर महाराज का 11 जुलाई को भव्य मंगल प्रवेश होगा

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि परम् पूज्य श्रमण मुनिश्री विनय सागर जी महाराज ससंघ का साधनमय चातुर्मास 2022 कमेटी एवं सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर के तत्वावधान में 11 जुलाई 2022 प्रातः 06 बजे से दौलतगंज स्थित दिगंबर जैन मंदिर से गाजेबाजे के साथ चातुर्मास के लिए भव्य मंगल प्रवेश शोभायात्रा प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होती हुई माधोगंज स्थित मनोज जैन (जैन कॉलेज) के होस्टल ग्राउंड में पहुँचकर सम्पन्न होगी।

### सत्य और विश्वास रूपी लौंग निकल जाए तो जीवन में कुछ नहीं बचेगा

मुनिश्री ने कहा कि शील रूपी पान के पत्ते पर नव तत्व रूपी कत्था चूना, सौजन्यता रूपी सुपारी, दया रूपी इलायची, क्षमा रूपी खोपरे का बूरा, प्रेम रूपी गुलकंद और दान रूपी पिपरमेंट डालने के बाद उस पान को टिकाए रखने के लिए पान की सामग्री को सुरक्षित रखने के लिए सत्य और विश्वास रूपी लौंग जरूरी है। पान से लौंग निकल जाए तो पान की सारी सामग्री बिखर जाएगी। वैसे ही जीवन में से सत्य और विश्वास रूपी लौंग निकल जाए तो जीवन में कुछ नहीं बचेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फसल बीमा के लिये बैंकों को निर्देश जारी

**फसल में परिवर्तन की सूचना 29 जुलाई तक दें बैंकों को**

ग्वालियर। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में वर्ष 2022-23 में खरीफ और रबी के लिये किसानों की अधिसूचित फसलों का बीमा कराने क्लस्टरवार निर्धारित बीमा कम्पनियों को कार्यादेश जारी कर दिये गये हैं। किसानों द्वारा बोई गई फसल में परिवर्तन पर संबंधित बैंकों को 29 जुलाई तक अवगत कराना जरूरी है। किसानों की अधिसूचित फसलों का बीमा करने के लिये बैंकों द्वारा प्रीमियम नामे किये जाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों को बीमांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2022 से दो दिन पहले 29 जुलाई तक संबंधित बैंक से सम्पर्क कर बोई गई वास्तविक फसल की जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगी।

**एनसीआईपी पर भू-अभिलेख एकीकरण का कार्य जारी**

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ-2022 के लिये प्रदेश में नेशनल क्रॉप इंश्योरेंस पोर्टल (एनसीआईपी) पर भू-अभिलेख के एकीकरण का कार्य किया जा रहा है। पंजीयन के समय कृषक की भूमिधारिता संबंधी जानकारी भू-अभिलेख के आधार पर पोर्टल में ड्रॉप-डाउन पर उपलब्ध हो सकेगी। बीमाकर्ता (बैंकर्स, कॉमन सर्विस सेंटर और स्वयं कृषक) संगत खसरा नम्बर का चयन कर धारित भूमि का बीमा कर सकेगा।

**बीमा पॉलिसी के लिये एनसीआईपी पर जानकारी दर्ज होना जरूरी**

किसानों को समय पर सही पॉलिसी जारी करने के लिये नेशनल क्रॉप इंश्योरेस पोर्टल (एनसीआई) पर जानकारी दर्ज होना जरूरी है। बैंकों को निर्देश दिये गये हैं कि किसानों के बीमा पंजीयन के दौरान खसरा नम्बर तथा बीमित भूमि के क्षेत्रफल की सही-सही जानकारी पोर्टल पर दर्ज करें।

चातुर्मास के लिए होगा 10 जुलाई को भव्य मंगल प्रवेश होगा।

### मनुष्य अपने जीवन में हर क्षण कर्म करता रहता है : आर्यिकाश्री

**आर्यिकाश्री शुक्रवार को मालवा कॉलेज से विक्की फैक्ट्री पहुंची, रात्रि विश्राम करेगी।**



ग्वालियर। मनुष्य अपने जीवन में हर क्षण कर्म करता रहता है। कर्म अच्छे हो या बुरे दो प्रकार के होते हैं। भले कर्म पुण्य कहलाते हैं तथा बुरे कर्म पाप कहलाते हैं। जब इंसान अच्छे कर्म करता है तो पुण्य कर्मों का बंध होता है लेकिन जब बुरे कर्म करता है तो पाप का बंध होता है। यह विचार श्रमणी आर्यिकाश्री विरम्या श्रीमाताजी ने आज शुक्रवार को जौरासी से पद विहार कर मालव कालेज पहुँचकर आशीष वचन के साथ आहराचार्य संपन्न हुई।श्रमणी आर्यिकाश्री विसंयोजना श्रीमाताजी ने कहा कि पुण्य खत्म होने के बाद पाप का उदय होता है। पिछले समय के पुण्य के कार्यो की वजह से अगर कोई पाप करता है तो उसका छीप जाता है। लेकिन पुण्य का घड़ा फुटते ही पाप का उदय होने लगता है। इसलिए जीवन में बदलाव के लिए सही मार्गो का अनुसरण करने की जरूरत है। आत्मा के चिंतन के लिए दो घड़ी भी काफी है, इससे जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन आ जाता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को कभी भी धर्म करने के पीछे किसी प्रकार का स्वार्थ नहीं रखना चाहिए। निश्वार्थ भाव से किया गया धर्म फलदाई होता है। जीवन में बदलाव लाना है तो संतो के जिनवाणी को जीवन में उतारने की कोशिश करें।

दो आर्यिकाश्री मालवा कॉलेज से विक्की फैक्ट्री पहुँची, रात्रि विश्राम करेगी। जैन समाज के प्रवक्ता पैकिंग एंड ने बताया कि श्रमणी आर्यिकाश्री विरम्या श्रीमाताजी एवं श्रमणी आर्यिकाश्री विसंयोजना श्रीमाताजी ससंघ का पद विहार ग्वालियर चातुर्मास के लिए चल रहा है। आज शुक्रवार को दोनों आर्यिकाश्री माताजी शाम को मालव कॉलेज से पद विहार राजेश जैन लाला, देवेंद्र विपुल जैन, बसंत जैन, कमल जैन, सचिन जैन मुरार, आशीष जैन, महेंद्र जैन, मनोज जैन, संजय जैन, नीरज जैन, अनिल जैन आदि ने पद विहार करके विक्की फैक्ट्री पहुँची। यहाँ रात्रि विश्राम करेगी। 09 जुलाई शनिवार की सुबह वापस पद विहार कर नया बाजार जैन मंदिर पहुचेगी।

**आर्यिकाश्री ससंघ का चातुर्मास के लिए होगा 10 जुलाई को प्रवेश**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया की श्रमणी आर्यिकाश्री विरम्या श्रीमाताजी एवं श्रमणी आर्यिकाश्री विसंयोजना श्रीमाताजी ससंघ के चातुर्मास के लिए भव्य मंगल प्रवेश शोभायात्रा 10 जुलाई प्रातः 07 बजे से माधोगंज स्थित चितेरा ओली जैन मंदिर से गाजेबाजे के साथ शुरू होकर मुख्य मार्गो से होते हुए मामा का बाजार स्थित ऋषभ धर्मशाला पहुँचेगे। जहाँ दीप प्रज्वलित, शास्त्र भेंट, पदप्रच्छलन, एवं आर्यिकाश्री का के मंगल प्रवचन होगे। वही 14 जुलाई को ऋषभ धर्मशाला में 2022 के चातुर्मास कलश स्थापना कार्यक्रम आयोजित होगा।

### ब्रेक डांस अकादमी के लिए चयन ट्रायल 13 को

**ग्वालियर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग पेरिस ओलंपिक 2024 में सम्मिलित ब्रेक डांस के लिए अकादमी शुरू करने जा रहा है ।इसी क्रम में ग्वालियर संभाग स्तरीय चयन ट्रायल 13 जुलाई को जिला खेल परिसर कंपू में होगी ।चयन ट्रायल में ग्वालियर अशोकनगर शिवपुरी दतिया गुना मुरैना शिवपुर भिंड के प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं। शामिल होने वाले प्रतिभागी की आयु 12 से 20 वर्ष होना अनिवार्य है। प्रतिभा चयन कार्यक्रम में जिला स्तर पर संचालक डांस क्लब डांस अकादमी और डांस क्लासेस के युवा शामिल हो सकते हैं।

### फाइन आर्ट कॉलेज में व्याख्यान 13 को

**ग्वालियर।** संस्कृति विभाग की ओर से गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में प्रदेश भर के फाइन आर्ट कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शहर के फाइन आर्ट कॉलेज में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन 13 जुलाई को किया जाएगा यह व्याख्यान शाम 7ः00 बजे से शुरू होगा इसमें दिल्ली की कलाकार शशि प्रभाव बतौर संबोधित करेंगी।

### युवती से दुष्कर्म वीडियो यह वायरल

**ग्वालियर** जिले के पिछोर कस्बे में रहने वाले एक युवक ने पहले की युवती से दोस्ती की बाद में उसके साथ दुष्कर्म किया और शादी का झांसा देकर उसका दैहिक शोषण करता रहा ।जब उसने शादी नहीं की तो युवती ने रिश्ता तोड़ने की बात कही जिस पर आरोपी ने युवती के अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट खोलकर वायरल कर दिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है ।जानकारी के अनुसार पिछोर निवासी 19 साल की एक युवती ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई कि 4 साल पहले उसकी दोस्ती कस्बे के ही रहने वाले युवक आयुष सोनी से मोबाइल फोन के द्वारा हुई थी।

*स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार।* **E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478**